RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 63 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 23 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# काशी में चारों ओर विकास का डमरू बजा : प्रधानमंत्री

## संत गुरु रविदास की 647वीं जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

**वाराणसी ( एजेंसी )।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। कल देर रात गुजरात से सीधे प्रधानमंत्री अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। वाराणसी पहुंचने पर उनका एयरपोर्ट का स्वागत उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने किया। प्रधानमंत्री ने देर रात में ही रोड-शो किया। उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में काशीवासी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने रास्ते में रूककर विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आए हैं। आज काशी में कई कार्यक्रमों में वे हिस्सा लेंगे। दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे कई परियोजनाओं की सौगात भी पूर्वांचल वासियों को सौंपेंगे। साथ ही संत शिरोमणि रविदास की जन्मस्थली भी जाएंगे। यहां श्रद्धालुओं के साथ संगत कर संत रविदास की कांस्य प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने वाराणसी दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह काशी हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचे। उन्होंने यहां स्वतंत्रता भवन में आयोजित कार्यक्रम में काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के टॉपर्स को सर्टिफिकेट वितरित किया. उनके साथ यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के दौरान सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता, सांसद संगीत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता समेत अन्य श्रेणियों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाणपत्र व






मेडल दिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत 'नमः पार्वती पतये हर हर महादेव' के साथ की। उन्होंने कहा कि काशी तो सर्वविद्या की राजधानी है, आज काशी का वो सामर्थ्य और स्वरूप फिर से संवर रहा है। ये पूरे भारत के लिए गौरव की बात है। पिछले 10 वर्षों में काशी में विकास के जो कार्य हुए हैं, उसके बारे में संपूर्ण जानकारी पर आज यहां दो बुक भी लॉन्च की गई है. पिछले 10 वर्षों में काशी ने विकास की जो यात्रा तय की है, उसके हर पड़ाव और यहां की संस्कृति का वर्णन इन किताबों में किया गया है।

पीएम मोदी ने कहा कि हम सब तो निमित्त मात्र हैं, काशी में करने वाले तो महादेव हैं. जहां महादेव की कृपा हो जाती है, वह धरती ऐसे ही संपन्न हो जाती है. काशी केवल हमारी आस्था का तीर्थ ही नहीं है, ये भारत की शाश्वत चेतना का जाग्रत केंद्र है. उन्होंने कहा, 'एक समय था, जब भारत की समृद्धि गाथा पूरे विश्व में कही जाती थी. इसके पीछे भारत की केवल आर्थिक ताकत ही नहीं थी। इसके पीछे हमारी सांस्कृतिक समृद्धि भी थी, सामाजिक और आध्यात्मिक समृद्धि भी थी। काशी जैसे हमारे तीर्थ और विश्वनाथ धाम जैसे हमारे मंदिर ही राष्ट्र (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शहर के जाने-माने उद्यमी के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर के जाने-माने उद्यमी और एमएसएमई एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। उद्यमी के साथ धोखाधड़ी कर लाखों रुपए हड़प लिए गए धोखाधड़ी करने वाला नटवरलाल अपने बेटे के साथ फरार फरार है।



माइक्रो स्मॉल मीडियम एंटरप्राइजेज इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र नाहटा ने थाना फेस वन में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सेक्टर-10 में उनकी मैसर्स श्री तुलसी स्विचगियर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी है। उन्हें कंपनी में कुछ कंस्ट्रक्शन का काम करना था इसके लिए टाइल खरीदने के लिए उन्होंने 7 जुलाई 2022 को दिनेश गोयल से संपर्क किया। दिनेश गोयल उनकी कंपनी में आए और उन्होंने फर्श में लगने वाली टाइल एवं कोटा स्टोन पत्थर की कैटलॉग दिखाकर उनसे आर्डर ले लिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### मां बेटी की अश्लील फोटो बनाकर फेसबुक पर डाली लिखी गंदी-गंदी गालियां

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा का एक परिवार एक सिरफिरे व्यक्ति के कारण डर के साए में अपने दिन बसर कर रहा है। सिरफिरे ने इस परिवार की मां और बेटी की अश्लील फोटो बनाकर फेसबुक पर डाल दी हैं और उनकी जिंदगी बर्बाद करने की धमकी दे रहा है। पीड़ित परिवार ने थाना सेक्टर 49 में रिपोर्ट दर्ज कराकर सिरफिरे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सेक्टर-51 के होशियापुर गांव में किराए पर रहने वाले प्रमोद (काल्पनिक नाम) ने बताया कि मोहल्ला सराय हकीम थाना मन्ना देवी जनपद अलीगढ़ निवासी राजवीर सक्सेना उर्फ डेनी (शेष पृष्ठ-3 पर)

## नोएडा में छह लोगों ने की आत्महत्या

**नोएडा ( चेतना मंच )।** शहर की यह खबर सबके लिए बेहद जरूरी है। मानसिक तनाव आर्थिक तंगी में अन्य कारणों से नोएडा शहर में अपनी जिंदगी खत्म करने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। बीते 24 घंटे में नोएडा ग्रेटर नोएडा शहर में युवती,महिला सहित 6 लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी।

मूल रूप से जनपद फतेहपुर निवासी आरती अपनी बहन पर सहेली के साथ थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी गांव में किराए पर रह रही थी। वह एक कंपनी में काम करती थी। गुरुवार को आरती की बहन जब कमरे पर पहुंची तो वह उसे फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टरभ-63 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

थाना बादलपुर क्षेत्र के बिसरख रोड छपरौला में किराए पर रहने वाले मोहन की (30 वर्षीय) पत्नी नेहा ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## प्रकृति से जुड़ने का माध्यम है फ्लॉवर शोः सीईओ

### नोएडा स्टेडियम में 36वीं पुष्प प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा. लोकेश एम ने आज नोएडा स्टेडियम में शुरू हुए 36वें फ्लावर शो का उदघाटन किया। उनके साथ एसीईओ वंदना त्रिपाठी, एसीईओ सतीश पाल, जल एवं सीवर विभाग के उप महाप्रबंधक आरपी सिंह, उद्यान विभाग के निदेशक महेन्द्र प्रकाश, फ्लोरी कल्चर सोसायटी की महासचिव मंजू ग्रोवर समेत कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## बाजार, ट्यूशन व काम पर गई नाबालिग लड़कियां लापता, 5 का अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा व ग्रेटर नोएडा से नाबालिग लड़कियों के लापता व अपहरण होने की घटनाओं ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। नोएडा व ग्रेटर नोएडा से रोजाना औसतन 6 से 8 नाबालिग लड़कियां या तो लापता हो रही हैं या उनका अपहरण किया जा रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र से आए दिन नाबालिग किशोरिया गायब हो रही हैं। अलग-अलग थाना क्षेत्र से आठ नाबालिग किशोरियां लापता हो गई। पांच किशोरियों के परिजनों ने युवकों के खिलाफ नामजद अपहरण का मामला दर्ज कराया है।

थाना फेस वन क्षेत्र के हरौला गांव में किराए पर रहने वाले दिनेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी नाबालिक बेटी 18 फरवरी को घर से बिना बताए कहीं चली गई। इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने पर भी उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली।

थाना सेक्टर 24 क्षेत्र के गिझोड गांव निवासी नरेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना बिसरख में सुनीता (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी 13 वर्षीय से बेटी एस डीवानों सोसायटी में काम करती थी। वह 20 फरवरी की शाम को सोसाइटी में काम करने के बाद घर के लिए निकली लेकिन घर नहीं पहुंची। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ऑडी सवार दबंगों ने कैब चालक पर तान दी रिवाल्वर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** साइड न मिलने पर ऑडी सवार दबंगों ने एक कैब चालक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। कैब चालक ने जब पुलिस को फोन करने का प्रयास किया तो दबंगों ने उस पर रिवाल्वर तान दी और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना सेक्टर-39 पुलिस ने अज्ञात कार चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

मूल रूप से ग्राम बख्तावरपुरा सेक्टर-127 निवासी हरकेश नायक ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सेक्टर-127 की विप्रो कंपनी में कैब चलाता है। 21 फरवरी की दोपहर को वह कंपनी का स्टाफ लेने के लिए ग्रेटर नोएडा की तरफ जा रहा था वह जैसे ही सेक्टर-98 की रेड लाइट से यूटर्न लेकर सर्विस रोड पर आया तो पीछे से आ रही काले शीशे वाली ऑडी कार के चालक ने उसे हौरन देकर साइड मांगी। उसकी अर्टिगा कार के आगे कोई दूसरा वहां था जिस कारण वह साइड नहीं दे पाया। थोड़ी दूर जाने पर ऑडी कार सवार युवकों ने ओवरटेक कर उसकी कार रूकवाली। ऑडी से उतरे दो युवकों ने उसे कार से नीचे खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। उसने जब पुलिस को फोन करने का प्रयास किया तो एक युवक ने उस पर रिवॉल्वर तान दी और जान से मारने की धमकी दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## डिलीवरी के दौरान चुराए सैमसंग के लाखों रुपये के फोन, तीन गिरफ्तार


**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सैमसंग कंपनी के मोबाइल फोन को डिलीवरी के दौरान रास्ते में चोरी करने वाले शैडोफैक्स कंपनी के तीन कर्मचारियों को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 72 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं जिनकी कीमत 13 लाख रुपए है। सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर जितेंद्र सिंह तेवतिया ने थाना सूरजपुर में शिकायत दर्ज कराई थी कि कंपनी से एक्सपोर्ट करते समय सैमसंग के 80 मोबाइल फोन चोरी हो गए हैं। थाना सूरजपुर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच पड़ताल की। प्रारंभिक जांच पड़ताल में पुलिस को कंपनी के ही कुछ कर्मचारियों पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने रवि गौड़ ,दिनेश व अनिल कुमार (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सीवर में गंदा पानी डालने पर 20 ऑटो सर्विस सेंटर को नोटिस

**ईटीपी न लगाने पर लगेगा जुर्माना**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** होटलों व रेस्तरां के बाद अब नोएडा प्राधिकरण ने ऑटो शोरूम व सर्विस स्टेशनों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण ने गाड़ी की धुलाई का गंदा पानी सीवर में डालने पर 20 ऑटो सर्विस स्टेशन संचालकों को नोटिस जारी किया है।

दिये नोटिस में चेतावनी दी गई कि वाहनों की मरम्मत, धुलाई के कार्यों में प्रयुक्त मोबिल ऑयल व ग्रीस युक्त गंदा पानी शोधित किए बिना सीवर/नालियों में बहाया जा रहा है जिससे सीवर में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। यह उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का सरासर उल्लंघन है। ऐसे सर्विस स्टेशन 15 दिनों में ईटीपी तथा ग्रीस ट्रैप के जरिए गंदे पानी का निस्तारण करें वर्ना उनके खिलाफ मोटा जुर्माना लगाया जाएगा।



प्राधिकरण ने सेक्टर-8 स्थित उत्तम टोयोटा, कार क्लब, सेक्टर-9 में जेकेएम मोटर्स, सेक्टर-10 में फेयर डील, सेक्टर-11 में एसीई होंडा, सेक्टर-7, सेक्टर-5 में स्थित ऑटो सर्विस स्टेशन, सेक्टर-5 में निम्बस मोटर्स, सेक्टर-35 में एसके मोटर्स, जेके मोटर्स, सेक्टर-53 में श्रेया ऑटो स्पेयर पार्टस, पवन बाइक सर्विस सेंटर, साजीम टायर पंक्चर, एस.के. बजाज, सीएनजी ऑटो एंड रिपेयर, श्री सांई कार वाशिंग, एम.के. बाइक सर्विस एंड ऑटो पार्टस, बालाजी ऑटो स्पेयर पार्टस, राहुल ऑटो मोबाइल्स, सुपर ऑटो सर्विस सेंटर तथा श्रेया ऑटो स्पेयर को नोटिस जारी किए गए हैं।

### सेक्टर-44 में भूखंड की ऑन लाइन बिड 26 को

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-44 स्थित 26136.55 वर्ग मीटर भूखंड के लिए 26 फरवरी को ऑन लाइन बिडिंग की जाएगी। यह बिडिंग एसबीआई के पोर्टल पर होगी। यह जानकारी सहायक महाप्रबंधक (ग्रुप हाउसिंग) अनिल कुमार सिंह ने दी।

उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर को इस भूखंड की बिडिंग के लिए ग्रुप हाउसिंग भूखंड योजना 2.23-24 (।।।) प्रकाशित की गई थी।

## भाजपा का लाभार्थी सपंर्क अभियान 1 से



**● रोजाना 20 लाभार्थियों से संपर्क करेंगे कार्यकर्ता : मनोज गुप्ता**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ने अब लाभार्थी संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। यह अभियान 1-3 मार्च तक चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को 20 लाभार्थियों की सूची दी जाएगी। जो रोज इसकी रिपोर्ट अपने मंडल संयोजक को देंगे।

यह जानकारी भाजपा के महानगर अध्या मनोज गुप्ता ने दी। इसको लेकर सरस्वती शिशु मंदिर मंडल में कार्यशाला भी आयोजित की गई।

मनोज गुप्ता ने कहा की मोदी सरकार पिछले 10 साल से लगातार गरीब, मजदूर , किसान, महिला, यूवा, अनुसुचित आदि सहित समाज के सभी वर्गों लिए कार्य कर रही है जिन लोगों को इस दौरान सरकार से (शेष पृष्ठ-3 पर)



# किसानों की आवाज

यह किसान आंदोलन है अथवा किसी जंगी टकराव के दृश्य हैं? हरियाणा-पंजाब की सीमाओं पर, दोनों तरफ, जेसीबी और पोकलेन सरीखी बड़ी मशीनें तैनात की गई हैं। आखिर किसके विध्वंस की रणनीति है यह? ट्रैक्टरों को युद्ध के उपकरण के तौर पर मॉडिफाइड किया गया है। पत्थर जमा किए गए हैं। तलवारें चमक रही हैं। बोरियों में रेत-मिट्टी भर कर मोर्चेबंदी की गई है। आखिर किसान किसके खिलाफ जंग छेड़ने को लामबंद हो रहे हैं? सीमाओं पर 14,000 से अधिक किसान या कोई मुखौटाधारी क्यों मौजूद हैं? बातचीत तो किसानों के मुट्ठी भर नेता करते रहे हैं। जन-शक्ति का ऐसा प्रदर्शन किसके खिलाफ है? जिन ट्रैक्टरों को खेतों में होना चाहिए था, ऐसे 1200 से अधिक ट्रैक्टर शंभू बॉर्डर पर क्यों हैं? या कलेक्टर के दफ्तर में उनके जरिए किसान हमलावर क्यों है? आंदोलन के दौरान जन-शक्ति के तो मायने हैं, लेकिन बॉर्डर के करीब 300 से ज्यादा निजी कारें और मिनी बसें कहां घूमने को तैनात की गई हैं? इनसे खौफनाक तो यह है कि खनौरी बॉर्डर पर किसानों ने पराली में आग लगाई और उसमें लाल मिर्च का पाउडर डाल दिया, नतीजतन जहरीली हवा ने पुलिस कर्मियों को बेहोश कर दिया। पुलिस पर पथराव और लाठियों से भी प्रहार किए गए। हरियाणा पुलिस के मुताबिक, 12 पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बेशक कानून-व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षा बलों को, किसानों की भीड़ छितराने के लिए, आंसू गैस के गोले दागने पड़े हैं। एक युवा किसान की मौत भी हुई है। यह आंकड़ा 3 किसानों और 3 सुरक्षा कर्मियों का बताया गया है। आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। ऐसा संवाद का माहौल है अथवा कोई उपद्रव मचाया जा रहा है? क्या आक्रामक और हमलावर होकर भी, अपनी आजीविका से जुड़ी, मांगों को मनवाया जा सकता है? संविधान ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन और आंदोलन का अधिकार तो दिया है, लेकिन जंग के हालात पैदा करना, राजमार्गों पर सडक़बंदी थोप देना, आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर देना, आपराधिक हरकत है। किसान कोई अपवाद नहीं हैं। वे गरीब, कर्जदार हैं, तो करोड़ों भारतीय गरीबी-रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। क्या वे भी हथियारबंद होकर सडक़ों पर उतर आएं और सरकार सुरक्षा बलों के जरिए सुरक्षा के बंदोबस्त भी न करे? एक दिन देश अराजकता की स्थिति में पहुंच जाएगा। यकीनन 60-65 करोड़ किसान देश के 'अन्नदाता' हैं, खाद्य सुरक्षा के बुनियादी सूत्रधार हैं, लेकिन वे देश के सिर पर सवार नहीं हो सकते। देश को मजबूर नहीं कर सकते। कानून-व्यवस्था को तितर-बितर नहीं कर सकते। बेशक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के कानून की मांग एक लंबे अंतराल से लटकी है, लेकिन कोई भी मंत्री या प्रधानमंत्री आंख मूंद कर यह मांग स्वीकार या लागू नहीं कर सकता। मौजूदा सरकार ने अपने 10-साला कार्यकाल के दौरान गेहूं का एमएसपी 51 फीसदी, धान का 66 फीसदी, चने का 64 फीसदी, तुअर का 87 फीसदी, मसूर का 103 फीसदी बढ़ाया है। हालांकि यह दीगर सवाल है कि सरकारी खरीद कितनी हो पाती है। केंद्र सरकार ने जुलाई, 2022 में एमएसपी पर विचार करने को एक विशेष समिति का गठन भी किया था। उसकी 37 बैठकें भी हुई हैं। यह सवालिया स्थिति है कि उसने अभी तक कोई भी अनुशंसा क्यों नहीं की है? उसका जवाब हिंसा से मिलने वाला नहीं है। सरकारें भी कमजोर नहीं होतीं, अलबत्ता वे विनम्र और लचीली जरूर होती हैं, क्योंकि लोकतंत्र में सरकारें जनमत से ही चुनी जाती हैं।

# राजनीति के शोर में संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं की आवाज दबनी नहीं चाहिए

बीते कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में बना हुआ है। संदेशखाली से जो खबरें छन-छनकर बाहर आ रही हैं, वो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित कर सकती हैं। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां 'दरिंदों' के अत्याचार, यौन उत्पीड़न और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। जो जानकारी आई उसके आधार पर ये कहा जा सकता है कि संदेशखाली में मध्ययुगीन गुलाम प्रथा जिंदा है। संदेशखाली का पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्रवाई के बाद लोगों के सामने आया है। बीती 5 जनवरी, 2024 को ईडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। तृणमूल के गुंडों की मदद से न सिर्फ नेता शाहजहां शेख फरार हो जाने में कामयाब रहा, बल्कि इस दौरान सरकारी अधिकारियों पर भी हमले भी किए गए थे। इसके बाद से ही स्थानीय लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुलकर सामने आ गए। जो कुछ भी उनके द्वारा बताया गया, वह 21वीं सदी में अकल्पनीय है।

शाहजहां शेख और उसके गुर्गे महिलाओं को अपनी निजी संपत्ति मानकर उठा ले जाते रहे और तृणमूल कार्यालय में रखकर उनका यौन शोषण कर छोड़ देते थे। विवाहित महिला के पति को भी ये कहा जाता कि उसकी पत्नी पर पहला अधिकार शेख का है। किसी भी सुंदर महिला को जबरन उठाकर ले जाना और उसका यौन शोषण करना संदेशखाली में आम बात थी। जब महिलाओं से पूछा गया कि वे इस अत्याचार के विरुद्ध अब तक खामोश क्यों रहीं तो उनका उत्तर था कि शाहजहां जब ईडी के डर से फरार हुआ तब जाकर उनमें साहस आया। वह लोगों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने और उनकी मजदूरी छीनकर आतंकित करने का काम करता रहा किंतु तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा होने की वजह से उसका हौसला बुलंद था।

ईडी की छापेमारी के बाद संदेशखाली महिला सशक्तीकरण का जीवंत उदाहरण बन गया है। लेकिन महिला होने के बावजूद ममता बनर्जी अभी तक अपनी पार्टी के कुख्यात नेता पर लग रहे आरोपों पर ध्यान देने के बजाय ये शिगूफा छोड़ रही हैं कि संदेशखाली आरएसएस का प्रभावक्षेत्र है। महिलाओं पर उनके साथ हुए बलात्कार को साबित करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। विवाद बढ़ने के बाद 12 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने संदेशखाली का दौरा किया। यहां की महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने मीडिया से कहा, ''मैंने संदेशखाली की माताओं और बहनों की बातें सुनी. मुझे विश्वास नहीं हुआ कि रबिन्द्र नाथ टैगोर की धरती



पर ऐसा भी हो सकता है।'' राज्यपाल के बयान से स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट-फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से भी संदेशखाली के हालात की भयानकता उजागर हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'गांव की महिलाओं से जुटाई गई गवाहियां परेशान करने वाली हैं, जो वहां व्यापक भय और व्यवस्थित दुर्व्यवहार की एक भयावह तस्वीर सामने लाती हैं।' इसके मुताबिक, 'पीड़िताओं ने पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के लोगों की ओर से की गई शारीरिक और यौन हिंसा की वारदातों का जिक्र किया।' इससे लगता है कि शाहजहां शेख ने संदेशखाली में अपने गुनाहों का जो साम्राज्य कायम किया था, उसमें पुलिस भी सक्रिय तौर पर शामिल थी। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गांव की जिस महिला ने भी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

चारों ओर से दबाव पड़ने पर दिखावे के लिए कुछ छुटभैये किस्म के तृणमूल नेताओं को पुलिस ने जरूर पकड़ा है किंतु जो लोग संदेशखाली के हालात का जायजा लेने जा रहे हैं उनको भी रोकने की करवाई पुलिस और प्रशासन द्वारा किए जाने से साफ है कि ममता सरकार को महिलाओं के मान-सम्मान से अधिक अपनी पार्टी के नेताओं की चिंता है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। ममता बनर्जी इनके तुष्टिकरण से ही सत्ता में बनी हुई हैं और इस्लामी एजेंडे को आगे बढ़ा रही हैं। ममता बनर्जी के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को अपने धार्मिक रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार मनाने तक की स्वतंत्रता नहीं रह गई है।

वस्तुस्थिति ये है कि वामपंथी सरकार के राज में जो गुंडे आतंक का पर्याय थे वे सभी सत्ता परिवर्तित होते ही तृणमूल कांग्रेस में आ गए। परिणामस्वरूप पश्चिम बंगाल की स्थिति आसमान से टपके खजूर पर अटके वाली होकर रह गई। पहले जो लूटपाट वामपंथी पार्टी का कैडर करता था, वही अब तृणमूल कार्यकर्ता बन चुके असामाजिक तत्व धड़ल्ले से करते हैं। चूंकि पुलिस उनके क्रियाकलापों पर रोक नहीं लगाती लिहाजा जनता भी भयग्रस्त है। संदेशखाली की घटना पहली नहीं है। बीते कुछ सालों में यह राज्य अराजकता के शिकंजे में फंस गया है। चूंकि कांग्रेस और वामपंथी पूरे तौर पर हाशिए पर आ चुके हैं इसलिए भाजपा ही पश्चिम बंगाल में विकल्प के रूप में उभर रही है। संदेशखाली की लड़ाई में भी वही पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी हुई है। हालांकि लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ममता सरकार के विरुद्ध आवाज उठाया करते हैं किंतु जिस इंडिया गठबंधन में तृणमूल भी शामिल है, उसकी ओर से संदेशखाली में हुए अत्याचार के विरुद्ध कुछ न कहा जाना चौंकाता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से भी ममता बनर्जी की सरकार का वैसा विरोध नहीं हुआ जैसा अपेक्षित था।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? लेकिन ममता बनर्जी ने इस कांड पर अब तक जिस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाया वह शर्मनाक है। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका 'सिंडिकेट' कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं। कई कार्यकर्ताओं को भी मार दिया गया था। यह गुंडई पंचायत चुनावों में सरेआम कहर ढहाती रही है। क्या एक महिला मुख्यमंत्री का शासन ऐसा भी हो सकता है कि दरिंदे खुलेआम हत्याएं और अत्याचार कर सकें? इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय का रवैया भी निराशाजनक है।

जब किसी स्थान की दर्जनों महिलाएं उन पर हुए अमानुषिक अत्याचार की जानकारी सार्वजनिक रूप से दे रही हों तब तो मुख्यमंत्री को खुद उनसे मिलकर अपराधियों को सजा दिलवाने की पहल करनी चाहिए थी। लेकिन इसके विपरीत वे इसे राजनीतिक मोड़ देकर अपनी पार्टी के साथ जुड़े समाज विरोधी तत्वों को बचाने में जुटी हुई हैं। बेहतर होता कि कांग्रेस सहित विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों का संयुक्त प्रतिधिमंडल संदेशखाली में पीड़ित महिलाओं की बात सुनकर ममता बनर्जी को कठघरे में खड़ा करता किंतु वोटों की राजनीति के कारण महिलाओं के अपमान पर भी अधिकतर पार्टियां मौन साधे बैठी हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं इसलिए देखना ये होगा कि इतना गंभीर मुद्दा कहीं राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और शोर—शराबे में दबकर न रह जाए। आरोपियों का कड़ी सजा मिलनी चाहिए, जो नजीर बनें।

**-आशीष वशिष्ठ**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि संतोष के बिना कामना का नाश नहीं होता और कामनाओं के रहते स्वप्न में भी सुख नहीं हो सकता और श्री राम के भजन बिना कामनाएँ कहीं मिट सकती हैं? बिना धरती के भी कहीं पेड़ उग सकता है?॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**बिनु बिग्यान कि समता आवइ। कोउ अवकास कि नभ बिनु पावइ॥**
**श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावइ कोई॥**

विज्ञान (तत्त्वज्ञान) के बिना क्या समभाव आ सकता है? आकाश के बिना क्या कोई अवकाश (पोल) पा सकता है? श्रद्धा के बिना धर्म (का आचरण) नहीं होता। क्या पृथ्वी तत्त्व के बिना कोई गंध पा सकता है?॥

**बिनु तप तेज कि कर बिस्तारा। जल बिनु रस कि होइ संसारा॥**
**सील कि मिल बिनु बुध सेवकाई। जिमि बिनु तेज न रूप गोसाँई॥**

तप के बिना क्या तेज फैल सकता है? जल-तत्त्व के बिना संसार में क्या रस हो सकता है? पंडितजनों की सेवा बिना क्या शील (सदाचार) प्राप्त हो सकता है? हे गोसाईं! जैसे बिना तेज (अग्नि-तत्त्व) के रूप नहीं मिलता॥

**निज सुख बिनु मन होइ कि थीरा। परस कि होइ बिहीन समीरा॥**
**कवनिउ सिद्धि कि बिनु बिस्वासा। बिनु हरि भजन न भव भय नासा॥**

निज-सुख (आत्मानंद) के बिना क्या मन स्थिर हो सकता है? वायु-तत्त्व के बिना क्या स्पर्श हो सकता है? क्या विश्वास के बिना कोई भी सिद्धि हो सकती है? इसी प्रकार श्री हरि के भजन बिना जन्म-मृत्यु के भय का नाश नहीं होता॥

**दो0-बिनु बिस्वास भगति नहिं तेहि बिनु द्रवहिं न रामु।**
**राम कृपा बिनु सपनेहुँ जीव न लह बिश्रामु॥**

बिना विश्वास के भक्ति नहीं होती, भक्ति के बिना श्री रामजी पिघलते (ढरते) नहीं और श्री रामजी की कृपा के बिना जीव स्वप्न में भी शांति नहीं पाता॥

**अस बिचारि मतिधीर तजि कुतर्क संसय सकल।**
**भजहु राम रघुबीर करुनाकर सुंदर सुखद॥**

हे धीरबुद्धि! ऐसा विचारकर संपूर्ण कुतर्कों और संदेहों को छोड़कर करुणा की खान सुंदर और सुख देने वाले श्री रघुवीर का भजन कीजिए॥

**क्रमशः**

# भैया जी बन गए मंत्री

भैयाजी मंत्री बन गए थे। उन्हें बधाई देना मेरे लिए लाजमी था, सो उनके निवास पर पहुंचा तो वे प्लेट में गुलाब-जामुन का ढेर लगाए उन्हें गटक रहे थे। मैंने कहा-'यह क्या, आप अकेले-अकेले ही खा रहे हैं गुलाब-जामुन, मंत्री बनने की मिठाई तो हम भी खाएंगे।' वे गुलाब-जामुन को गले से नीचे उतारकर बोले-'अब तो अकेले ही खाना है शर्मा। चुनाव में तुमने कम खाया क्या? अभी तो मैं ढाबे वालों का हिसाब भी चुकता नहीं कर पाया हूं।' मैं बोला-'अब चुनाव प्रचार में भैयाजी अपने घर से परांठे-अचार थोड़े ही बांधकर ले जाता। तुम्हें तो पता होगा मैंने कितनी मेहनत की है आपको जितवाने में।' 'मुझे सब पता है शर्मा, लेकिन कान खोलकर सुन लो, अब मैं मंत्री बन गया हूं। तुम्हें तो पता होगा कि मंत्री की क्या महत्ता होती है तथा उसकी शक्तियां कितनी असीम हैं?' मैंने कहा-'लेकिन आप डरा तो नहीं रहे यह कहकर। मानता हूं आपने चुनाव में 50 लाख खर्च किए हैं, उनकी उगाही कम समय में करनी है, अल्पमत की गठबंधन सरकार है, पता नहीं कब कौन समर्थन वापस ले ले। आजकल सरकारों का भी पता नहीं कब गिर जाए। इसलिए दोनों हाथों से सूतना है?' मेरी बात पर वे खुलकर हंसे, गुलाब-जामुन की खाली प्लेट को एक ओर सरकाया और बोले-'चाय पियोगे?' 'अकेली चाय, सुबह से नाश्ता नहीं किया। कुछ साथ में खाने को भी मंगवा लीजिए।' मैंने कहा, तो वे बोले कुछ नहीं, सब खांसते रहे। मैं बोला-'क्यों खांसी हो गई है क्या?

' वे विषयांतर करके बोले-'देखो, जहां तक सूतने की बात है, मैं लम्बा ही हाथ मारूंगा, करोड़ों का घोटाला करूंगा। घोटाला करना मंत्री के लिए जरूरी हो गया है। किसी भी मद का पैसा खा जाऊंगा।' यह कहते हुए उनके चेहरे पर आत्मविश्वास बहुत साफ झलक रहा था। मैंने तभी अपना प्रश्न दागा-'इससे तो आपका कैरियर चौपट हो जाएगा। पद से हटा दिए जाओगे। मेरे विचार से भैयाजी पहले आप थोड़ा अपनी 'इमेज' बना लेते तो घोटाला आसान हो जाता।' 'शर्मा, मुझे मत समझाओ। मुझे पागल कुत्ते ने नहीं काटा हैं, मैं वक्त बरबाद नहीं करूंगा। लाइसेंस, परमिट, ठेके और पता नहीं कितने मामले आ रहे हैं-जिनमें पांचों अंगुलियां घी में होंगी। देने को आश्वासन और धोखे के मेरे



पास शेष बचा ही क्या है?' 'और जनसेवा?' इस बात पर वह बोले, 'मैंने जन को देख लिया। वोट के लिए उसने मुझे क्या-क्या पापड़ बिलाए हैं।' जनसेवा शब्द पर उन्होंने क्रोध में दांत बजाए, मुट्ठियां भींची और तिलमिलाकर बोले-'कैसा जन और कैसी सेवा, इन्हें मैंने अपने शब्दकोश से ही निकाल दिया है।' मैं बोला-'इसके बिना तो अगला चुनाव जीत पाना कठिन हो जाएगा।' 'चुनाव का नाम मत लो मेरे भाई, और नौबत भी आई तो चुनाव तो अब एक स्टंट है, जिसे जीतना अब मेरे लिए मुश्किल नहीं है। चुनाव जीतने के लिए मेरे पास शराब है, कम्बल है, जातिवाद है, क्षेत्रीयता है और साम्प्रदायिकता है। मैं सब गुर जान गया हूं और सुनो, इनके अलावा तुम्हारे जैसे एक हजार चमचे हैं, जो दुम हिलाते हुए आ जाएंगे अपना चारा खाने। यह क्यों भूल जाते हो कि चुनाव से तुम्हारा भी धंधा चलता है।' भैयाजी बोले, तो मैं तनिक तुनककर बोला-'आप मुझे चमचा समझते हैं, मैं आपको बड़ा भाई समझकर इज्जत करता रहा। आपने मेरा कद गिराया है भैयाजी, यह बात मुझे बुरी लगी है।'

**-पूरन सरमा**
**स्वतंत्र लेखक**

# राशिफल

माघ शुक्ल चतुर्दशी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। खुश रहेंगे आप। आनंददायक जीवन गुजारेंगे। स्वास्थ्य अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु स्वंय नतमस्तक होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक के रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है। घरेलू सुख में वृद्धि होगी।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। किया गया प्रयास सफलता दिलाएगा। स्वास्थ्य अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। जुबान नियंत्रण में रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सुकामरता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम,संतान की स्थिति अच्छी है।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। बच्चों से दूरी महसूस करेंगे। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं या थोड़ी दूरी महसूस करेंगे।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा में लाभ होगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उच्चाधिकारियों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

# लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर हुई भाजपा की बैठक



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी की एक बैठक लाभार्थी संपर्क अभियान शक्ति वंदन अभियान नमों एप विश्वकर्मा योजना बूथ सशक्तिकरण आदि पर समीक्षा जिला भाजपा कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर आयोजित की गई। जिसमे मुख्य वक्ता गोतमबुधनगर लोकसभा चुनाव प्रभारी अनिल शिशोदिया बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की। बैठक का संचालन ज़िला महामंत्री योगेश चौधरी ने किया।

लोकसभा चुनाव प्रभारी पूर्व ज़िला अध्यक्ष बुलन्दशहर अनिल शिशोदिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव 2024 के लिये बूथ सशक्तिकरण के लिये बूथ पर बूथ समिति की बैठक पन्ना प्रमुख के साथ घर घर पार्टी की रीति नीति सरकार की उपलब्धियों के भगवान राम का मंदिर धारा 370 को हटाना ग़रीब मजदूर के लिये जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताने का कार्य करे ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने कहा कि अबकी बार 400 पार फिर एक बार मोदी सरकार जन जन की यही पुकार उसके लिये संकल्प के हम सबको मिलकर संगठन के कार्य करते हुए गौतमबुधनगर लोकसभा सीट को ऐतिहासिक वोटो के साथ जीतना है।

इस अवसर पर मुख्यरूप से ज़िला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी दीपक भारद्वाज योगेश चौधरी मनोज गर्ग ज़िला उपाध्यक्ष सेवानंद शर्मा पवन नागर पवन रावल मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा विकास चौधरी रिंकु भाटी युवा मोर्चा अध्यक्ष राज नागर सचिन शर्मा पंकज रावल मण्डल प्रभारी विजय रावल इन्द्र नागर सुनील शर्मा सतीश भाटी सरफ़राज़ अली धर्मेन्द्र भाटी डॉक्टर चन्द्र सिंह अध्यक्ष महेश शर्मा संजय भाटी मनोज भाटी राजीव सिंघल मुकेश चौहान संजय रावत महेन्द्र नागर चन्द्रमणि भारद्वाज आदि कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे।

# किसान की महापंचायत में जुटे हजारों लोग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 शाहदरा गांव में किसान नेता हातम सिंह भाटी की वर्षो पुरानी दुकानों पर नोएडा प्राधिकरण की तोडफोड की कार्यवाही के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के नेतृत्व में चल रहे। अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर 21 फरवरी को महापंचायत हुई महापंचायत में सहयोगी किसान संगठन और हजारों की तादाद में किसान एकत्रित हुए भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने कहा कि महापंचायत में उत्तर प्रदेश के जिलों से हजारों की तादाद में आने वाले संगठन के कार्यकर्ताओ को पुलिस प्रशासन ने तानाशाही से नोएडा आने से रोका गया और कुछ किसान नेताओ को नजर बन्द किया गया।



भारतीय किसान यूनियन (किसान) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन ठाकुर, भारतीय किसान यूनियन डब्लू एफ फाऊँडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह गुर्जर, भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष) भारतीय किसान यूनियन (शिवपाल), भाकियू शक्ति (सलाई) दलबल सहित महापंचायत में पूर्ण समर्थन देने पहुँचें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराज भाटी ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन प्रशासन का रवैया किसानों के हित मै नहीं है। किसानों की आवाज को दबाने और कुचलने का काम किया जा रहा है जो अपनी जायज बात की आवाज शासन प्रशासन के सामने उठाने की कोशिश करता है। उसके ऊपर कार्यवाही का डर भय दिखाकर उसकी आवाज को दबाने का काम कर रही है।

इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट विजय प्रताप सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रोहित भाटी, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य जितेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य योगेंद्र भाटी राष्ट्रीय संगठन मन्त्री नीरज भडाना, राष्ट्रीय महासचिव महिला मोर्चा सोनिया शर्मा प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी, प्रदेश प्रवक्ता विपिन खारी, प्रदेश सचिव श्रीपाल भाटी, प्रदेश सचिव ऊधम नम्बरदार, प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष गुर्जर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश भडाना, प्रदेश. उपाध्यक्ष मोहित प्रधान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष संदीप भाटी, महानगर अध्यक्ष योगेश वैष्णव, जिलाध्यक्ष रामबीर भाटी, जिलाध्यक्ष बुलन्दशहर हेमन्त पडिंत, जिलाध्यक्ष हापुड महेश शिशोदिया, मुरादाबाद जिलाध्यक्ष फहीम अंसारी, तहसील अध्यक्ष दादरी शोविंदर भाटी मोदीनगर तहसील अध्यक्ष अंकित नागर आदि हजारों किसान मौजूद रहे।

# चार सौ से अधिक सीट जीतेगी भाजपा : भाटी



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष एवं गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी ने कहा कि भाजपा इस बार लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतकर केंद्र में सरकार बनाने का काम करने जा रही है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष पूरी तरह से घबरा गया है और जनता ने भी विपक्ष को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार 400 से अधिक सिम जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी।

# किसान सभा का धरना जारी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय किसान सभा का ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लगातार रात दिन के धरने का 24 वां दिन था।-किसान सभा के साथियों ने धरना स्थल पर शंभू बॉर्डर पर शहीद हुए किसान को श्रद्धांजलि दी। किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है डॉक्टर रुपेश वर्मा ने बयान जारी करते हुए कहा कि किसानों के ऊपर ही हो रही हिंसा निंदनीय है।




धरना स्थल पर कृष्ण पाल भाटी बाबा संतराम नेतराम भाटी यतेंद्र मैनेजर पप्पी भाटी प्रशांत भाटी मोहित नागर निशांत रावल गबरी मुखिया सुरेश यादव संजय इमलिया सचिन भाटी संदीप भाटी मनवीर भाटी खानपुर पप्पू ठेकेदार खानपुर तिलक देवी पूनम देवी रीना देवी मोहित भाटिया अजब सिंह नेताजी विनोद सरपंच गंगेश्वर दत्त शर्मा भारतीय कृषक शक्ति के जितेंद्र चौधरी यशपाल भाटी भारतीय किसान परिषद के सुखबीर खलीफा उदल आर्य भारतीय किसान यूनियन मंच से सुधीर चौहान आशीष गजेंद्र बडोला धर्मेंद्र एडवोकेट दुष्यंत सेन संदीप भाटी सुधीर रावल उपस्थित रहे।

# रमाशंकर सिंह यादव को बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार

**मीरजापुर( चेतना मंच )।** जनपद के वरिष्ठ रचनाकार रमाशंकर सिंह यादव को राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ0प्र0 द्वारा उनकी कृति किस्सागोई के लिए एक लाख का बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गयी है। पुरस्कार स्वरूप संस्थान द्वारा उन्हें आगामी 3 मार्च को लखनऊ में आयोजित पुरस्कार एवं सम्मान समारोह में सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न व एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी।

जनपद के छानबे विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम-कलना गहरवार निवासी रमाशंकर सिंह यादव पशुधन प्रसार अधिकारी (भेड़ एवं ऊन) पद से वर्ष-1999 में सेवानिवृत्ति के पश्चात् अनवरत साहित्य साधना में रत हैं। वर्तमान में विभिन्न विषयों एवं विधाओं में इनकी अब तक कुल 6 कृतियाँ-मानस के प्रान, मैथिली, नारी संसार, किस्सागोई, दारूवाला, वैलेंटाइन डे आदि प्रकाशित हो चुकी हैं। किस्सागोई पुस्तक को हिंदी श्री पब्लिकेशन ने प्रकाशित किया है। रमाशंकर सिंह यादव को इससे पूर्व भी अनेक साहित्यिक-सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।



उनकी इस उपलब्धि पर जनपद के साहित्यकारों बृजदेव पाण्डेय, भोलानाथ कुशवाहा, गणेश गम्भीर, केदारनाथ सविता, लल्लू तिवारी, अरविन्द अवस्थी, धर्मदास, डॉ0 अनुराधा ओस, डा0 रंजना जायसवाल, आनन्द अमित, सारिका चौरसिया, डॉ0 सुधा सिंह, नन्दिनी वर्मा, शुभम् श्रीवास्तव ओम, श्याम अचल, इला जायसवाल, पूजा यादव, श्रृष्टि राज आदि के अतिरिक्त ग्राम प्रधान कलना गहरवार शान्ती देवी, राकेश तिवारी (ग्राम विकास अधिकारी) संजीव कन्नौजिया आदि ने हर्ष जताया है एवं रमाशंकर सिंह यादव को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# प्राधिकरण ने की कारवाई



**चेतना मंच**

**ग्रेटर नोएडा।** खेड़ा चौगानपुर में कल प्राधिकरण ने अवध कॉलोनी से गुजरने वाले 225 और 229 बस रूट को बंद कर दिया। वर्क सर्किल-3 के एसएम मनोज कुमार मौके पर अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।



## सपा के विधानसभा अध्यक्ष की दादी का निधन

**दादरी( चेतना मंच )।** गांव सादोंपुर निवासी समाजवादी पार्टी के दादरी विधानसभा के अध्यक्ष रोहित मत्ते गुर्जर की दादी श्रीमति बिसम्बरी देवी का निधन हो गया। वह 90 वर्ष की थी तथा पिछले कुछ दिनों से बीमारी चल रही थी। निधन की सूचना मिलते ही समाजवादी पार्टी एवं सामाजिक कार्यकर्त्ताओं ने उनके आवास पर पहुँचकर शोक संवेदना व्यक्त की।



# मुस्कान श्रीवास्तव लिटिल लता की उपाधि से विभूषित

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सोनी टीवी के लोकप्रिय कार्यक्रम इंडियन आईडिल की फाइनलिस्ट प्रतियोगी मुस्कान श्रीवास्तव को लिटिल लता की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि तथा उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बिमला बाथम ने प्रदान किया। सेक्टर-32ए स्थित शिल्पहॉट में आयोजित कार्यक्रम में हम लोग टीवी धारावाहिक के सुप्रसिद्ध कलाकार अभिनव चतुर्वेदी उर्फ नन्हें भी मौजूद थे। यह सम्मान नवरत्न फाउंडेशन तथा आईटीई ग्रुप द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कर्नल वीएस थापर, नवरत्न फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, आईटीई ग्रुप के निदेशक श्रीमती किरण सिंह शर्मा व मुकेश शर्मा, मुस्कान श्रीवास्तव के पिता प्रवीण श्रीवास्तव व मां श्रीमती आरती श्रीवास्तव भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में देश के जाने माने रेडियो टीवी के उद्घोषक श्री प्रदीप शर्मा, राजेश सहाय, रमिता तनेजा, संजय सिन्हा, प्रवीण गुप्ता, प्रभा गुप्ता, विभा मिश्रा, ए वी मुरलीधरन, अनिल अग्रवाल,किशन मोहन, शालू सिंह, सोमेश्वर शर्मा. वीपिन अग्रवाल,ऋतू सिन्हा, दीपा देवी, भारती नेगी. रमेश अरोड़ा, अंशुमाली सिन्हा भी मौजूद थीं।



## पृष्ठ एक के शेष....

**काशी में चारों ओर...**

की प्रगति की यज्ञशाला हुआ करती थीं. यहां साधना भी होती थी और शास्त्रार्थ भी होते थे। यहां संवाद भी होते थे और शोध भी होते थे. यहां संस्कृति के स्रोत भी थे और साहित्य संगीत की सरिताएं भी थीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी शिव की भी नगरी है, ये बुद्ध के उपदेशों की भी भूमि है. काशी जैन तीर्थंकरों की जन्मस्थली भी है और आदि शंकराचार्य को भी यहां से बोध मिला था. पूरे देश से और दुनिया के कोने-कोने से भी ज्ञान, शोध और शांति की तलाश में लोग काशी आते हैं. हर प्रांत, हर भाषा, हर बोली, हर रिवाज के लोग काशी आकर बसे हैं. जिस स्थान पर ऐसी विविधता होती है, वहीं नए विचारों का जन्म होता है. काशी तमिल संगमम और गंगा पुष्करालु महोत्सव जैसे एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियानों का भी विश्वनाथ धाम हिस्सा बना है. नई काशी नए भारत की प्रेरणा बनकर उभरी है. मैं आशा करता हूं कि यहां से निकले युवा पूरे विश्व में भारतीय ज्ञान परंपरा और संस्कृति के ध्वजवाहक बनेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि हमारे ज्ञान, विज्ञान और आध्यात्म के उत्थान में जिन भाषाओं का सबसे बड़ा योगदान रहा है, संस्कृत उनमें सबसे प्रमुख है. भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति है. भारत एक यात्रा है, संस्कृत उसके इतिहास का प्रमुख अध्याय है. भारत विविधता में एकता की भूमि है, संस्कृत उसका उद्गम है. अगले पांच वर्षों में देश इसी आत्मविश्वास से विकास को नई रफ्तार देगा, देश सफलताओं के नए प्रतिमान गढ़ेगा और ये मोदी की गारंटी है. और काशी के लोगों से अच्छा कौन जानेगा कि मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरी होने की गारंटी. काशी तो संवरने वाला है... रोड़ भी बनेंगे, ब्रिज भी बनेंगे, भवन भी बनेंगे लेकिन मुझे तो यहां जन जन को संवारना है, हर मन को संवारना है और एक सेवक बनकर संवारना है, साथी बनकर संवारना है। देर रात काशी पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने शिवपुर-फुलवरिया-लहरतारा मार्ग का निरीक्षण किया। इस परियोजना का हाल ही में उद्घाटन किया गया था और यह शहर के दक्षिणी हिस्से के लोगों के लिए काफी मददगार रही है।

**नोएडा में छह...**

पुलिस को पता चला है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर मामूली वाद विवाद हुआ था। वाद-विवाद के बाद मोहन घर से बाहर चला गया कुछ देर बाद वापस लौटा तो उसे नेहा फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। नेहा और मोहन की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी और उनके दो बच्चे भी हैं। इसी थाना क्षेत्र के छपरौला गांव में किराए पर रहने वाले मोहित पुत्र गजराज ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। मोहित मूल रूप से ग्राम गयासपुर बुलंदशहर का रहने वाला था।

थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के नवादा गांव में किराए पर रहने वाले चंद्रपाल उर्फ अजय कनौजिया ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। मूल रूप से लखनऊ का रहने वाला चंद्रपाल नवादा गांव में किराए पर रहता था और सेक्टर-61 में कपड़ों पर प्रेस करने का काम करता था। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

थाना जेवर क्षेत्र के ग्राम नीमका में सचिन पुत्र चंदन सिंह ने अपने खेत में ट्यूबवेल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस को पारिवारिक तनाव की बात पता चली है। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र में शायनी दास पुत्री नरेन्द्र पल्ली मूल निवासी पश्चिम बंगाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

**शहर के जाने-माने...**

दिनेश गोयल ने अपनी कंपनी आयुष टाइल एंड मार्बल की बिल बुक से उन्हें बिल बना कर दिया और अपने बेटे आयुष गोयल से बात कर ई वे बिल भी बनवाया। आयुष गोयल ने फोन पर उन्हें जानकारी दी कि उनका माल लोड हो रहा है इसलिए वह उनके पिता दिनेश गोयल को माल की 217922 व 151748 रुपए की पेमेंट कर दें।

सुरेंद्र नाहटा के मुताबिक उन्होंने दो चेक के माध्यम से टाइल्स की पेमेंट कर दी। पेमेंट किए जाने के बावजूद भी उनकी फैक्ट्री में माल नहीं पहुंचा। इस पर उन्होंने दिनेश गोयल को फोन किया लेकिन उन्होंने कॉल पिक नहीं की इसके बाद उन्होंने व्हाट्सएप के माध्यम से दिनेश गोयल को कई बार पैसे लौटाने अथवा माल भेजने को कहा लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। उन्होंने जब ज्यादा दबाव डाला तो दिनेश गोयल ने उन्हें दो चेक यूनियन बैंक आफ इंडिया के दिए दोनों ही चेक बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गए। उन्होंने जब चेक बाउंस होने की जानकारी दिनेश गोयल को दी तो उन्होंने एक चेक के बदले उन्हें 140000 रुपए खाते में एनईएफटी के माध्यम से जमा कर दिए। शेष धनराशि को उन्होंने जल्द देने का वादा किया इसके बाद दिनेश गोयल ने उनके मोबाइल फोन नंबर को ब्लॉक कर दिया। पैसे न मिलने पर उन्होंने इसकी शिकायत थाना फेस वन पुलिस से की। पुलिस ने कई स्तर की जांच पड़ताल के बाद दिनेश गोयल व उनके बेटे आयुष गोल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। उद्यमी सुरेंद्र नाहटा के मुताबिक दिनेश गोयल ने कई अन्य लोगों के साथ भी इस तरह की ठगी की घटना की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**मां बेटी की...**

उर्फ चंद्रावल पुत्र कैलाश चंद्र सक्सेना ने उनके पूरे परिवार का जीना दुश्वार कर दिया है। राजवीर सक्सेना उर्फ डेनी ने अपनी फेसबुक आईडी पर उसकी पत्नी जब बेटी के अश्लील फोटो अपलोड किए हुए हैं इसके अलावा वह व्हाट्सएप ऐप पर उसकी पत्नी तथा बेटी के फोटो को एडिट कर उन्हें वायरल करता रहता है। आरोपी आए दिन व्हाट्सएप पर मैसेज कर उसके परिवार की जिंदगी बर्बाद करने की धमकी देता है आरोपी की धमकी से उनका पूरा परिवार भयभीत है। प्रमोद ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि आरोपी द्वारा उसकी पत्नी और बेटी के फेसबुक पर पोस्ट किए गए अश्लील फोटो की वजह से उसकी काफी बदनामी हो रही है और वह मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है।

पीड़ित ने आरोपी द्वारा फेसबुक आईडी पर अपलोड किए गए अश्लील फोटो तथा धमकी भरे मैसेजों के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आईपी एड्रेस के जरिए आरोपी की तलाश की जा रही है।

**बाजार, ट्यूशन व...**

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-37 स्थित हरिजन बस्ती में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी 15 फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई किशोरी के पिता ने पड़ोस में रहने वाले प्रियांशु के खिलाफ अपनी बेटी को बहला फुसलाकर भाग ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना बिसरख क्षेत्र के जलालपुर गांव में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि 11 फरवरी को उसके पड़ोस में रहने वाले राजेश की पत्नी उसके घर आई और उनकी 14 वर्ष से बेटी को घूमने के बहाने घर से बुलाकर अपने साथ ले गई। उन्होंने आरोप लगाया कि राजेश व उसकी पत्नी ने अपने बेटे शिवा के साथ उसकी बेटी को भगा दिया। उसने जब इस संबंध में राजेश व उसकी पत्नी से बात की तो उन्होंने कोई पुलिस कार्रवाई न करने की बात कह कर उसकी बेटी को 2 दिन के भीतर वापस घर पहुंचने की बात कहीं। उसके बाद पति-पत्नी कैमरा छोड़कर फरार हो गए।

इसी थाना क्षेत्र के ग्राम शाहबेरी में रहने वाली सलमा (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाला सलमान नाम का युवक उनकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर कर अपने साथ भाग ले गया है।

थाना सूरजपुर क्षेत्र के गुलिस्तानपुर गांव में किराए पर रहने वाले प्रवेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला सुमित नामक युवक उनकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया।

वहीं थाना कासना क्षेत्र के कस्बे में रहने वाली पिंकी (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 6 फरवरी को उनके पड़ोस में रहने वाला अरुण नामक युवक उनकी 15 वर्षीय बेटी को भगा कर ले गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**डिलीवरी के दौरान...**

को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी की बात स्वीकार ली। पुलिस ने उनके निशानदेही पर 48 घंटे के भीतर ही चोरी किए गए 72 मोबाइल फोन बरामद कर लिए। 8 मोबाइल फोन के बारे में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने राह चलते अनजान लोगों को बेच दिये हैं।

एडीसीपी ने बताया कि शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड सैमसंग के मोबाइल फोन की डिलीवरी के लिए ट्रांसपोर्ट का कार्य करती है और तीनों आरोपी उक्त कंपनी में ड्राइवर के रूप में कार्यरत थे। तीनों ने 8 फरवरी व 14 फरवरी को शैडोफैक्स टेक्नोलॉजी कंपनी से मोबाइल फोन को ट्रक में लोड करने के दौरान 80 मोबाइल फोन को गायब कर दिया था।

**प्रकृति से जुड़ने का माध्यम...**

इस मौके पर सीईओ ने कहा कि पुष्प प्रदर्शनी के जरिए हम सभी को प्रकृति से जुड़ने का मौका मिलता है। वहीं पर्यावरण को संरक्षित करने की भी जानकारी मिलती है। हर व्यक्ति को पेड़-पौधे लगाने चाहिए। इससे वातवरण भी शुद्ध होता है तथा हरियाली भी बढ़ती है।

उदघाटन के बाद सीईओ ने कई स्टॉलों में जाकर लगे पुष्प तथा पौधों के स्टॉल का भी निरीक्षण किया।

मालूम हो कि यह फ्लावर शो 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान स्कूली छात्राओं की पेटिंग प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। 25 फरवरी को विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन शहर की आवाज करूणेश शर्मा ने किया।

**भाजपा का लाभार्थी...**

लाभ मिला है उनके संपर्क हेतु कार्यकर्ताओ की सूची बनाकर एक कार्यकर्ता को सम्पर्क हेतु 20 लाभार्थियों सूची दी जाएगी जिसका वो प्रतिदिन की रिपोर्ट अपने मण्डल संयोजक देंगे, 1 से 3 मार्च को विशेष अभियान है इस दिन सभी कार्यकर्ता लाभार्थियो से जरुर संपर्क करें।

इस दौरान गिरीश कोटनाला, पूनम सिंह, डिंपल आनंद दीपक शर्मा अमित नागपाल,देवेंद्र रावत, सुरेंद्र बिष्ट, संतोष खंडूरी, प्रसन्न जीत मैत्रा, श्रीवांस श्रीवास्तव कमलेश मीणा, मलकेश्वर झा, मीनाक्षी चौहान, पुष्पा रावत, माया रावत, दिनेश कृष्णनन किशन बेनीवाल रमेश शेखर, सुरेश शर्मा, सहित मण्डल पदाधिकारी एवम शक्ति केंद्र संयोजक आदि उपस्थित रहे। उधर अटल बिहारी वाजपेई मण्डल में अभियान सह संयोजक सुचित्रा कक्कड़ ने अभियान की जानकारी दी जिसमें मण्डल अध्यक्ष कल्लू सिंह , ओम यादव, योगेंद्र चौधरी राजकुमार झा गोविन्द कोरंगा, अमरजीत दास, प्रज्ञा पाठक,मुकेश शर्मा, सचिन चौधरी लक्ष्मी पटवाल इंद्रावती, मधु मनोज शर्मा रेखा चौहान पारसिंह नेगीआदि उपस्थित रहे।

**ऑडी सवार...**

इसके बाद दोनों युवक कार में बैठकर मौके से फरार हो गए।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# न्यायालय परिसर से फिर बाइक चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सूरजपुर स्थित जिला न्यायालय परिसर में एक बार फिर चोरों ने वाहन चोरी की घटना को अंजाम देकर न्यायालय परिसर में खड़ी एक अधिवक्ता की बाइक को चोरी कर लिया।

ग्राम धूमखेड़ा निवासी एडवोकेट धुरंधर सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 20 फरवरी को अपने घर से सूरजपुर स्थित जनपद न्यायालय में आया था। उसने अपनी स्प्लेंडर प्लस बाइक को परिसर में खड़ी कर दी और अपने चेंबर में चला गया।

शाम के समय जब वह बाइक लेने पहुंचा तो उसे बाइक गायब मिली उसने आसपास काफी तलाश की लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल पाया। पीड़ित की शिकायत पर थाना सूरजपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बता दे की न्यायालय परिसर में पूर्व में भी एक अधिवक्ता की बाइक चोरी हुई थी।

## कंपनी में 7 दिन किया काम और फिर की चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 5 की एक कंपनी में एक सप्ताह पूर्व काम पर लगे कर्मचारी ने अपने साथी की मदद से कंपनी से लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया। कंपनी मालिक की शिकायत पर थाना फेस वन में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

सेक्टर-50 आलोक विहार नोएडा निवासी विमल के चतुर्वेदी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका सेक्टर 5 बी ब्लॉक में मैसर्स विजयलक्ष्मी प्रिंटिंग वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से प्रिंटिंग का कारखाना है। उन्होंने 12 फरवरी को अपने प्रिंटिंग कारखाने में शिवपाल को कम पर रखा था। एक सप्ताह काम करने के बाद शिवपाल ने उनके कारखाने में अपने साथी की मदद से चोरी की घटना को अंजाम दिया। शिवपाल ने कारखाने से प्रिंटिंग से संबंधित 2000 एल्युमिनियम की प्लेट, इलेक्ट्रिक पार्ट व अन्य सामान चोरी कर लिया थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### अब साल में दो बार होगी दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा, सरकार ने शुरू की नई व्यवस्था



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की सरकार अब दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा को साल में दो बार कराने जा रही है। प्रदेश में बोर्ड परीक्षा को दो बार कराने को लेकर व्यवस्था बनाई जा रहा है। साल 2025 से इस नई व्यवस्था की शुरूआत की जाएगी। बच्चों के मानसिक तनाव को खत्म करने के लिए यह व्यवस्था कारगर साबित होगी। बतादें कि साल 2024 में 1 मार्च से छत्तीसगढ़ में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा शूरू होने वाली है। इस साल बोर्ड परीक्षा में करीब सवा छह लाख छात्र परीक्षा देंगे। इसके बाद सत्र 2025-26 से नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। जिसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बदल जाएगा। दो बार बोर्ड परीक्षा कराने को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नए सत्र 2025-26 से बोर्ड परीक्षा को लेकर नई व्यवस्था बनाई जा रही है। अब छत्तीसगढ़ में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस तरह की व्यवस्था से बच्चों और उनके परिजनों का मानसिक तनाव कम होगा। 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में नई व्यवस्था लागू होने से छात्रों को इसका फायदा मिलेगा। इस व्यवस्था से बोर्ड एग्जाम को लेकर छात्रों का मानसिक तनाव कम होगा। इसमें कोर्स को अलग-अलग दो हिस्सों में बांटा जाएगा, जिससे छात्रों को फायदा होगा। बता दे की शिक्षण सत्र 2024-25 सिंगल बोर्ड परीक्षा का आखिरी सत्र होगा, इसके बाद बोर्ड परीक्षा को दो भागों में बांटा जाएगा।

### हिमाचल में जारी है मौसम की मार, बर्फबारी के चलते 228 सड़कें बंद

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी का सिलसिला जारी है। जनजातीय क्षेत्रों और ऊंची पहाड़ियों पर भारी बर्फबारी के कारण चार राष्ट्रीय राजमार्गों सहित कम से कम 228 सड़कें बंद हो गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, रोहतांग दर्रे में पिछले 24 घंटों में 135 सेमी बर्फबारी हुई, जो इस क्षेत्र में सबसे अधिक है। किलाड़ (पांगी) में 90 सेमी, छितकुल और जलोरी जोत में 45 सेमी, कुकुमसेरी में 44 सेमी और गोंदला में 39 सेमी बर्फबारी हुई। केलांग में 35 सेमी और सिस्सू, कोकसर और हंसा में 30 सेमी बर्फबारी हुई। विभाग ने बताया कि कोठी में 20 सेमी और कल्पा में 11 सेमी बर्फबारी हुई। क्षेत्र में अभी भी रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। लगभग पूरे राज्य में मध्यम से भारी बारिश हुई, जिसमें सबसे ज्यादा बारिश चंबा में 67 मिमी हुई। इसके बाद कुफरी में 57 मिमी बारिश हुई। डलहौजी में 55 मिमी, भरमौर में 33.5 मिमी, सोलन में 15.2 मिमी, शिमला में 14.2 मिमी और धर्मशाला में 13 मिमी बारिश हुई। लगभग पूरे राज्य में मध्यम से भारी बारिश हुई, जिसमें सबसे ज्यादा बारिश चंबा में 67 मिमी हुई, इसके बाद कुफरी में 57 मिमी बारिश हुई। डलहौजी में 55 मिमी, भरमौर में 33.5 मिमी, सोलन में 15.2 मिमी, शिमला में 14.2 मिमी और धर्मशाला में 13 मिमी बारिश हुई। मंगलवार सुबह हमीरपुर जिले के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार, लाहौल और स्पीति जिले में कुल 165 और चंबा में 52 सड़कें बंद हैं। बर्फबारी के बाद शिमला जिले का दूरस्थ डोडरा क्वार भी राज्य के बाकी हिस्सों से कट गया है। मंगलवार को भारी बारिश के कारण चंबा-तीसा सड़क का एक बड़ा हिस्सा रखालू माता मंदिर के पास धंस गया, जिससे 40 पंचायतों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट गया।

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया -सरकार ने 50 नई अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे की सूरत बदलने के प्रयास के तहत अब एक बार फिर रेलवे यात्रियों के लिए एक नई खुशखबरी लेकर आया है। जी हां! एक नहीं, दो नहीं, 10 नहीं बल्कि पूरे 50 अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात रेलवे जल्द देने वाला है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद बताया कि सरकार ने 50 नई अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी दी है। दरभंगा-अयोध्या-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस और मालदा टाउन-सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनस (बेंगलुरु) के बीच चलने वाली दो अमृत भारत ट्रेनों के सफलता के बाद रेलवे इस ट्रेन को अलग-अलग रूटों पर चलाने का प्लान जल्द ही तैयार करने वाला है। केंद्रीय रेल मंत्री ने एक्स पर लिखा और घोषणा की कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाई गई पहली दो ट्रेनों के लिए प्राप्त सकारात्मक प्रतिक्रिया के आधार पर 50 नई अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी दी गई है। बता दें इस ट्रेन की शुरुआत के बाद यात्रियों ने इसे हाथों-हाथ लिया। ट्रेन की खूबसूरती के साथ-साथ इसमें लगाए गए अत्याधुनिक उपकरण और अन्य डिवाइस यात्रियों के सफर को सुखद बना देते हैं। अमृत भारत एक्सप्रेस सुपरफास्ट पैसेंजर ट्रेन लिंके हॉफमैन बुश (एलएचबी) तकनीक वाली है। यह नॉन-एसी कोच वाली पुश-पुल ट्रेन है। अमृत ??भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में रेल यात्रियों के लिए आकर्षक डिजाइन वाली सीटें, बेहतर सामान रैक, उपयुक्त मोबाइल होल्डर के साथ मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, एलईडी लाइट, सीसीटीवी, सार्वजनिक सूचना प्रणाली जैसी बेहतर सुविधाएं हैं।

# कूड़े से होगी कमाई, साफ सुथरे होंगे यूपी के शहर, कई परियोजनाओं का शुभारंभ



**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया है, जिससे शहरों की सूरत बदलने की उम्मीद को बल मिला है। इन परियोजनाओं की शुरुआत से कूड़ा भी कमाई का साधन बन जाएगा, जबकि प्रदेश के शहरी क्षेत्र साफ-सुथरे और स्वच्छ नजर आएंगे। नगर विकास विभाग के माध्यम से कई ऐसे प्रोजेक्ट्स को 19 फरवरी को पीएम मोदी और सीएम योगी ने धरातल पर उतारा है। ये सभी प्रोजेक्ट्स वेस्ट टू एनर्जी, वेस्ट टू चारकोल, वेस्ट टू कोल, डोर टू डोर कलेक्शन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित हैं। नगर विकास विभाग ने जीबीसी के तहत कुल 28,421 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारा है। इसमें 6539 करोड़ के प्रोजेक्ट्स एमओयू के तहत, जबकि 21,882 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू के माध्यम से उतारे जा रहे हैं।

**नगर विकास की 24 परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ :** प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि जीआईएस 2023 में नगर विकास विभाग द्वारा 176500 करोड़ की धनराशि के कुल 188 एमओयू किए गए थे। इनमें विभाग को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 50,000 करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी के कर कमलों से और सीएम योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में 28,421 करोड़ की कुल 24 परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। इन परियोजनाओं में एमओयू और नॉन एमओयू वाले प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इन परियोजनाओं में अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी कई परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, जो उत्तर प्रदेश में अपशिष्ट प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। इसके साथ ही सोलर रूफटॉप, ईवी और इंडस्ट्रियल यूनिट्स को लेकर भी परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है, जिसके माध्यम से न सिर्फ प्रदेश का विकास होगा बल्कि अर्थव्यवस्था और रोजगार में भी वृद्धि होगी।

**साकार होगा स्वच्छ उत्तर प्रदेश का सपना :** नगर निवास विभाग द्वारा कुछ दिन पूर्व ही एनवीवीएन एनटीपीसी के साथ 10500 करोड़ रुपए की धनराशि का वेस्ट टू चारकोल प्लांट्स प्रदेश में अनेक जगह स्थापित किए जाने के लिए एमओयू किया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस परियोजना का शुभारंभ हुआ है। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन के तहत ही एवर एनविरो द्वारा 6675 करोड़ रुपए की एक परियोजना का भी शुभारंभ हुआ है, जिसके तहत लखनऊ, गाजियाबाद, गोरखपुर, प्रयागराज और नोएडा में वेस्ट टू एनर्जी/बायोगैस परियोजना धरातल पर उतर रही है। लखनऊ में डोर टू डोर कलेक्शन के लिए आरई सस्टेनेबिलिटी लि. द्वारा 3000 करोड़ रुपये की परियोजना शुरू की जा रही है, जबकि 800 करोड़ रुपये से अलीगढ़ में इक्रोटोस रिसाइकिलिंग द्वारा वेस्ट टू एनर्जी परियोजना शुरू हो रही है। इसके अतिरिक्त जीसी इंटरनेशनल द्वारा 1480 करोड़ से मुजफ्फरनगर में वेस्ट टू एनर्जी, 1360 करोड़ से सीयूपीजीएल द्वारा कानपुर में 1300 एमटी कैपेसिटी प्रतिदिन का प्रॉसेसिंग प्लांट, स्पाक ब्रेसन द्वारा 1037 करोड़ रुपये से आगरा में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट और एनवीवीएनएल द्वारा वाराणसी, गोरखपुर में 770 करोड़ रुपए से वेस्ट टू चारकोल परियोजना का शुभारंभ किया गया है। वहीं, 400 करोड़ से लखनऊ में जेबीएम ग्रुप द्वारा वेस्ट टू एनर्जी/बायोगैस परियोजना का शुभारंभ हुआ है। इसके तहत गौशालाओं के वेस्ट से बायो सीएनजी का उत्पादन होगा। इसके साथ ही विंध्य ग्रीन एनर्जी सॉल्यूशंस प्रा. लि. ने भी मीरजापुर में 23.8 करोड़ से बायो सीएनजी प्लांट की स्थापना का शुभारंभ किया है। इनके अलावा, श्रीजन ट्रेडर्स कुशीनगर में 6.9 करोड़ से, गिरवर सन मुजफ्फरनगर में 23 करोड़ से, एवी बायोमेडिकल महाराजगंज में 4.05 करोड़ से और सोरावी एसोसिएट सीतापुर में 7 करोड़ से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का शुभारंभ कर रहा है। यूनिवर्सल बायो कोल इंडस्ट्रीज ने अलीगढ़ में 49 करोड़ की लागत से वेस्ट टू कोल परियोजना की शुरुआत कर रहा है। वेस्ट मैनेजमेंट के अलावा नगर विकास विभाग ने कुछ और महत्वपूर्ण परियोजनाओं का शुभारंभ किया है। इसमें एचडीएफसी 225 करोड़ रुपये से पूरे प्रदेश में बैंक ब्रांचेस खोलने जा रहा है। वहीं मोदी इंटरनेशनल सब्सीडियरीज ऑफ मोदी होल्डिंग 2000 करोड़ से पूरे प्रदेश में इंडस्ट्रियल यूनिट की स्थापना कर रहा है।

## देवी दुर्गा की सवारी है शेर, पूजा होती है; शेरनी के नामकरण पर विवाद में बोला हाई कोर्ट

**कलकत्ता, एजेंसी।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को सिलीगुड़ी के सफारी पार्क में एक शेरनी का नाम सीता रखे जाने के खिलाफ विश्व हिंदू



परिषद (वीएचपी) की याचिका पर सुनवाई की। वीएचपी ने आरोप लगाया था कि, विश्व हिंदू परिषद को इस बात की गहरी पीड़ा हुई है कि बिल्ली प्रजाति का नाम भगवान राम की पत्नी सीता के नाम पर रखा गया है। सीता दुनिया भर के सभी हिंदुओं के लिए पवित्र देवी हैं। याचिका में कहा गया है कि ऐसा कृत्य ईशनिंदा के समान है और सभी हिंदुओं की धार्मिक आस्था पर सीधा हमला है। याचिका पर जस्टिस सौगत भट्टाचार्य की एकल पीठ ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि वे कोर्ट से यह निर्देश देने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं कि किसी भी जानवर का नाम किसी देवता के नाम पर नहीं रखा जाए। वीएचपी ने कहा कि उसे इस बात की आशंका है कि अगर यह ट्रेंड स्थापित हो गया तो आगे चलकर किसी गधे का नाम किसी देवता के नाम पर रखा जाने लगेगा। याचिका पर सुनवाई करते हुए पीठ ने शेर को देवी दुर्गा की सवारी को रूप में संदर्भित किया। कोर्ट ने कहा, जानवरों का नाम स्नेह से रखा जा सकता है। हम दुर्गा पूजा के दौरान शेरों की पूजा करते हैं। यह व्यक्ति की सोच पर निर्भर करता है। क्या हम बिना सिंह के दुर्गा की कल्पना कर सकते हैं? याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि शेर के देवी दुर्गा के चरणों में होने का एकमात्र कारण यह था कि उसका उद्देश्य हर तरफ से बुराई पर हमला करना था और शेर को कोई नाम नहीं दिया गया था। पीठ ने आगे कहा कि विहिप द्वारा दायर याचिका एक जनहित याचिका की प्रकृति में थी। इसलिए इसे पीआईएल से संबंधित पीठ के समक्ष रखा जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि एक विशेष धर्म से संबंधित लोगों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है और ऐसे मामले में संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उपाय लागू होगा। इस दौरान यह भी कहा गया कि त्रिपुरा चिड़ियाघर से आई शेरनी के नामकरण को लेकर काफी भ्रम की स्थिति है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि त्रिपुरा चिड़ियाघर के अधिकारियों ने शेरों का नाम नहीं रखा है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला कि राज्य प्राणीशास्त्र विभाग ने शेर का नाम अकबर और शेरनी सीता का नाम दिया है।

## शादी के 48 घंटे बाद मां बनी दुल्हन ने बेटे को दिया जन्म

**मैनपुरी, एजेंसी।** मैनपुरी में शादी के 48 घंटे बाद ही दुल्हन ने बेटे को जन्म दे दिया। दुल्हन ने बेटे को जन्म दिया तो दूल्हा और उसके परिवार के लोगों के होश उड़ गए। दूल्हे और उसके परिजनों ने बेटे को अपनाने से इनकार किया तो हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन को बताए बिना दूल्हा पक्ष दुल्हन को छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोग प्रसूता और बेटे को लेकर चले गए। बच्चा बेचने की अफवाह फैली तो अस्पताल प्रशासन ने फोन कर दोनों पक्षों को बुला लिया। बाद में मामला निपटा दिया गया। मामला से जुड़ी कहानी कुसमरा क्षेत्र के एक गांव की है। यहां के निवासी युवक की शादी अपने बड़े भाई की साली के साथ दो दिन पहले हुई थी। बारात और दुल्हन लेकर युवक घर आ गया। घर में रिश्तेदार भी थे। मंगलवार की रात नाच-गाने के दौरान दुल्हन के पेट में दर्द शुरू हो गया। दूल्हा पक्ष के लोग उसे आनन फानन में सौ शैया अस्पताल ले आए। रात 2॰20 बजे उसे भर्ती किया गया और 2॰22 बजे दुल्हन ने सामान्य डिलीवरी के तहत एक पुत्र को जन्म दे दिया। बच्चा पैदा हुआ तो दूल्हा और उसके घरवाले हैरान रह गए और दुल्हन, बच्चे को छोड़कर भाग निकले। इसी बीच खबर मिली तो दुल्हन के घरवाले अस्पताल पहुंच गए और वे भी अस्पताल प्रबंधन को जानकारी दिए।

# सपा-कांग्रेस गठबंधन की इनसाइड स्टोरी- प्रियंका गांधी के एक फोन कॉल ने बदल दी पूरी तस्वीर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडिया गठबंधन में हाल के दिनों में हुए बिखराव के बाद आखिरकार एक राहत की खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सीट शेयरिंग पर सहमति बन चुकी है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने दोनों पार्टियों के बीच सुलह कराने और सीट शेयरिंग को को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार सुबह समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से बात की। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में देश की सबसे पुरानी पार्टी को 17 लोकसभा सीटें देने पर सहमत हो गई है। इस सियासी घटनाक्रम से वाकिफ लोगों ने बताया कि प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव दोनों ने फोन पर सीटों के बंटवारे पर लंबी चर्चा की और एआईसीसी महासचिव ने सपा प्रमुख को 17 सीटें छोड़ने के लिए राजी किया। इन सीटों पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक कांग्रेस नेता ने बताया, हां, शुरुआत में सपा ने उन सीटों की पेशकश की जहां कांग्रेस का मजबूत आधार नहीं था। प्रियंका गांधी वाड्रा ने सपा प्रमुख को जालौन और बागपत लोकसभा सीटों के बदले में अमरोहा और बाराबंकी छोड़ने के लिए राजी किया। कांग्रेस ने इस बात पर जोर दिया है कि यह चुनाव लड़ने के लिए अधिक सीटों के बारे में नहीं है, बल्कि सीटों की जीत की क्षमता के बारे में है। समाजवादी पार्टी द्वारा कांग्रेस को 17 सीटें देने के लिए राजी होने के बाद चीजें बदलनी शुरू हुईं। सीट शेयरिंग समिति के सदस्यों सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने एक संभावित समाधान खोजने के लिए मुख्य महासचिव राम गोपाल यादव और एमएलसी उदयवीर सिंह सहित के जरिए समाजवादी पार्टी से संपर्क किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (यूपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने कहा, हमने समिति की सिफारिशें पार्टी नेतृत्व को प्रस्तुत कीं और सभी बारीक बिंदुओं पर उच्चतम स्तर पर गहन चर्चा की गई। पत्रकारों से बात करते हुए एआईसीसी महासचिव अविनाश पांडे ने गठबंधन को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, भाजपा को हराने के लिए सभी ताकतों को एक साथ लाने के लिए समर्पण और संकल्प के साथ काम करने के लिए हम राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के आभारी हैं। कांग्रेस भी लखीमपुर खीरी और श्रावस्ती सीटों पर अपना दावा कर रही है। दोनों दलों के नेता जल्द ही इस मुद्दे पर फैसला कर सकते हैं। पांडे ने कहा, इस पर फैसला सीटों के बंटवारे के संबंध में नहीं बल्कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन के हित में लिया जाएगा। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव शुरू में रायबरेली या अमेठी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने पर विचार कर रहे थे, लेकिन सीट-बंटवारे की बातचीत में प्रगति की कमी के कारण उन्होंने ऐसा करने से परहेज किया। हालांकि अब उम्मीद है कि अखिलेश यादव आगरा में यात्रा में शामिल होंगे। गौरतलब है कि 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी सपा और कांग्रेस दोनों ने गठबंधन किया था। उन्होंने संयुक्त रूप से यूपी को ये साथ पसंद है नारे के साथ प्रचार किया।

# फिर एक बार मोदी सरकार, लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का नारा; नया गीत भी हुआ लॉन्च



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पहले भारत मंडपम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में फिर एक बार मोदी सरकार कैंपेन गीत रिलीज किया गया। इस गीत को 24 भारतीय क्षेत्रीय भाषाओं में तैयार किया गया है। पार्टी के मुताबिक, यह गीत विभिन्न क्षेत्रों, समाज के विभिन्न समूहों और वर्गों में समावेशी विकास के विषय पर केंद्रित है। बता दें भाजपा के कैंपेन का नारा, फिर एक बार मोदी सरकार की घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनवरी 2024 में की थी। देश भर के पार्टी नेताओं ने इस थीम के तहत वॉल पेंटिंग भी की थी।

भाजपा ने इस टाइटल सॉन्ग को जारी करने के लिए डिजिटल माध्यम का सहारा लिया। पार्टी ने वेबसाइट भी लॉन्च किया। इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछला दशक साहसी और दूरगामी निर्णयों का प्रमाण है। रविवार को अत्याधुनिक भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन दिवस पर पार्टी नेताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने उन कार्यों का समाधान किया जो सदियों से बाकी थे, यह हमारी सरकार के पिछले 10 वर्ष साहसी और दूरगामी निर्णयों के प्रमाण हैं। पीएम मोदी ने कहा, हमने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करके पांच सदियों पुराना एक सपना और लोगों की इच्छा पूरी की। आम तौर पर देश और खास तौर पर जम्मू-कश्मीर को लगभग सात दशकों के बाद अनुच्छेद 370 से छुटकारा मिल गया। साथ ही, आजादी के बाद राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करने में हमें छह दशक लग गए। पीएम मोदी ने कहा कि वन रैंक, वन पेंशन की मांग भी चार दशकों के बाद हमारी सरकार ने पूरी की। संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के उद्देश्य से बनाए गए कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व पर विस्तार से बात करते हुए, प्रधान मंत्री मोदी ने कहा, हम एक कानून लाए हैं जो संसद के साथ-साथ राज्य में महिलाओं के लिए अधिक आरक्षण की गारंटी देता है। नए संसद भवन की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी। यह हमारी सरकार थी जिसने लंबे समय से लंबित इस आवश्यकता को पूरा किया। पीएम मोदी ने आगे कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता भाग्यशाली हैं कि उन्होंने पिछले 10 वर्षों में देश भर में क्रांतिकारी बदलाव देखे हैं। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा कार्यकर्ता भाग्यशाली हैं कि उन्होंने हमारी सरकार के पिछले 10 वर्षों में क्रांतिकारी बदलाव देखे हैं। कोई भी देश तभी प्रगति कर सकता है और अपने निर्धारित स्थान पर पहुंच सकता है जब लोग उसकी विरासत और इतिहास को सराहें और संजोएं। हमारे शासन के एक दशक के दौरान, देश ने न केवल अपनी विरासत को संजोया है, बल्कि इसे गर्व के साथ प्रदर्शित भी किया है।

## ऐस टर्टल ने भारत में डॉकर्स स्टोर और ई-कॉमर्स लॉन्च किया

दिल्ली, फरवरी 22, 2024॰ भारत की लीडिंग टेक्नोलॉजी-नेटिव रिटेल कंपनी ऐस टर्टल ने आज भारत में लाइफस्टाइल अपैरेल ब्रांड डॉकर्स को लॉन्च कर दिया है। पूरे भारत में ऑनलाइन शॉपिंग को सक्षम करने के लिए डेडेकिटेड ई-कॉमर्स वेबसाइट की लॉन्चिंग के एक सप्ताह पहले ही दिल्ली में ब्रांड ने अपने पहले रिटेल स्टोर की शुरुआत कर दिया है। डॉकर्स कपड़ों की विरासत को भारतीय रीजन में लाया गया है, जो आधुनिक भारतीय उपभोक्ताओं (मॉडर्न इंडियन कन्ज्यूमर्स) की जरूरतों को पूरा करेगा। लॉन्च करते हुए, ऐस टर्टल के सीईओ, नितिन छाबड़ा ने कहा, ÷हम दिल्ली में अपने पहले विशेष रिटेल स्टोर के लॉन्च के साथ भारतीय उपभोक्ताओं के लिए खाकी में ग्लोबल अथॉरिटी डॉकर्स को पेश करने के लिए रोमांचित हैं। स्टोर उपभोक्ताओं को एक अद्वितीय खरीदारी अनुभव (शॉपिंग एक्सपीरियंस) प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। हम प्रासंगिक ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनलों के माध्यम से डॉकर्स को लाखों भारतीय उपभोक्ताओं तक ले जाने के लिए अपने अद्वितीय प्रौद्योगिकी-संचालित ऑपरेटिंग मॉडल और ओमनीचैनल कॉमर्स विशेषज्ञता का लाभ उठाएंगे। हमारी तकनीक-सक्षम अखिल भारतीय पहुंच, डेटा-संचालित दृष्टिकोण और गहरी उपभोक्ता समझ का उद्देश्य गतिशील भारतीय फैशन रिटेलिंग बाजार द्वारा प्रस्तुत नए अवसरों को अनलॉक करना है। दिल्ली के भीड़भाड़ वाले इलाके पीतमपुरा के पैसिफिक मॉल में स्थित यह रिटेल स्टोर फैशन के प्रति उत्साही लोगों के लिए खरीदारी का एक शानदार अनुभव प्रदान करता है।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया

**दिल्ली।** भारत, 22 फरवरी। दो वर्षों में एक लाख बिक्री के बाद स्कोडा इंडिया ने सर्वाधिक बिक्री वाली और 5-स्टार सेफ व क्रैश टेस्ट में पास सेडान स्लाविया स्टाइल एडीशन को लॉन्च किया है।

इस पर बोलते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक, पेट्र जनेबा ने कहा, ÷स्लाविया स्टाइल एडीशन हमारे भरोसेमंद ग्राहकों की जरूरतों को सुनने व समझने और उन्हें बेहद खास व हाई वैल्यू वाले प्रॉडक्ट देने की मिसाल है। यह हमारे बेहद खास ग्राहकों के लिए बेहद सीमित संख्या में उपलब्ध होगा। हालांकि, यह पूरे भारत में हमारे 200 से अधिक बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध होगा।÷ स्टाइल एडीशन को स्लाविया के टॉप-ऑफ-द-लाइन स्टाइल वैरिएंट के ऊपर रखा गया है। यह डुअल डैश कैमरा जैसी सुविधाओं के साथ आता है, जिसमें ब्लैक-आउट बी-पिलर, ब्लैक मिरर कवर और ब्लैक रूफ फॉइल पर %एडीशन% बैज लगा हुआ है। वहीं कार के भीतर ग्राहकों का स्वागत %स्लाविया% ब्रांडेड स्कफ प्लेट द्वारा किया जाता है, जिसके स्टीयरिंग व्हील पर %एडिशन% बैज लगा हुआ है। कार से बाहर निकलने पर ब्रांड लोगो प्रोजेक्शन के साथ एक पुडल लैंप दिखाई देगा।

# क्रिकेट से अशोक गहलोत के बेटे को आउट करने की तैयारी! राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम की एंट्री

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में सत्ता बदलने के बाद आरसीए चुनाव में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को झटका लग सकता है। दरअसल भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम राठौर की एंट्री क्रिकेट संघ में हो गई है। चूरू जिला क्रिकेट संघ के चुनाव में पराक्रम राठौर ने बाजी मारते हुए जीत हासिल की है। पराक्रम राठौर की क्रिकेट संघ में एंट्री के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी में दबदबे के लिए जोर आजमाइश शुरू होने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि पराक्रम चुनाव लड़ सकते है। हालांकि, अभी चुनाव के लिए लंबा समय है। लेकिन पराक्रम ने संकेत दिए है कि वह आरसीए अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे।

**राजस्थान में बीजेपी सरकार के गठन के बाद बदल गए हालात :** दरअसल राजस्थान में बीजेपी सरकार के गठन के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में जिला संघ सक्रिय हो गया है। राजेंद्र राठौड़ के बेटे पराक्रम सिंह ने चूरू जिला क्रिकेट संघ का अध्यक्ष बनने के बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव गहलोत पर निशाना साधा हैं। पराक्रम राठौर ने एक बयान में कहा कि राजस्थान में क्रिकेट जिस मुकाम पर होना चाहिए था, वहां नहीं पहुंच पाया



हैष लंबे समय से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर काबिज हैं, लेकिन बावजूद इसके राजस्थान के क्रिकेट में उदासीनता का माहौल है। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों के मन मुताबिक रिजल्ट नहीं मिल रहा है।

**मौका मिला तो जरूर चुनाव लड़ूंगा: राजेंद्र राठौड़ :** भविष्य में राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के सवाल पर पराक्रम ने कहा- राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव को लेकर सब कुछ भविष्य के गर्भ में छिपा है. उन्होंने कहा कि जिला संघों की आम सहमति के बाद अगर मुझे चुनाव लड़ने का मौका मिला तो जरूर से चुनाव लड़ूंगा, लेकिन किस पद पर चुनाव लड़ूंगा यह अभी कहना थोड़ी प्री-मेच्योर बात होगी। जब भी चुनाव की घोषणा होगी तब इस पर सर्वसम्मति से फैसला किया जाएगा। पराक्रम राठौर के इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि आने वाले समय में आरसीए अध्यक्ष के लिए पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र बनाम पूर्व नेता प्रतिपक्ष के पुत्र के बीच मुकाबला हो सकता है। पराक्रम सिंह ने कहा कि चूरू क्रिकेट एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने के बाद मेरी पहली प्राथमिकता वहां के खिलाड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध कराना है। इसके लिए सबसे पहले मैं वहां क्रिकेट ग्राउंड की व्यवस्था करूंगा, क्योंकि अब तक चूरू में क्रिकेट ग्राउंड नहीं है। इसकी वजह से वहां के खिलाड़ियों को झुंझनं खेलने जाना पड़ता है।

# डब्ल्यूपीएल के शुरुआती मुकाबले में आज आमने-सामने होंगी मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स

**शाम 7.30 बजे से शुरु होगा मैच**

**बेंगलुरु ।**

महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट (डब्यूपीएल) का दूसरा सत्र शुक्रवार से यहां शुरु होगा। इसमें पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और पिछली बार की उपविजेता दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। पिछले साल डब्ल्यूपीएल का पहला टूर्नामेंट मुंबई में खेला गया था पर बार इसका आयोजन बेंगलुरु और नई दिल्ली में किया जा रहा है। मुंबई इंडियंस की कप्तानी हरमनप्रीत कौर जबकि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग करेंगी। लैनिंग इस बार भी अच्छा प्रदर्शन करने उतरेंगी। पिछले साल के शुरुआती सत्र में उन्होंने इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। वहीं मुंबई की गेंदबाज हेली मैथ्यूज ने सबसे अधिक 16 विकेट लिए थे। इस टूर्नामेंट में भारत सहित दुनिया भर की कई उभरती ओर अनुभवी खिलाड़ी खेलेंगी।

पहले सत्र में भारतीय खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाई थी, ऐसे में अब उनका लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन रहेगा। जिन युवा भारतीय खिलाड़ियों पर सभी की नजरें रहेंगी। उनमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल भी शामिल हैं। श्रेयंका ने पिछले 10 महीनों में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसी कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का अवसर भी मिला था। वहीं श्रेयंका के अलावा दिल्ली कैपिटल्स की उभरती खिलाड़ी टिटास साधु पर भी सभी की नजरें रहेंगी। पहले सत्र में उन्हें भी अवसर नहीं मिला था।

टिटासने एशियाई खेलों में भारत की तरफ से पदार्पण करते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुंबई में खेले गए टी20 मैच में साधु ने चार विकेट लेकर अपनी क्षमताएं दिखायी थीं। दिल्ली की टीम में एक अन्य युवा खिलाड़ी ऑफ स्पिनर मिन्नू मणि भी शामिल हैं। मणि भी डब्ल्यूपीएल में अपने को साबित करना चाहेंगी। मणि ने अभी तक भारत की ओर से चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों के पास भी इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन कर भारतय टीम में जगह बनाने का अवसर रहेगा।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**मुंबई इंडियंस :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अमनजोत कौर,




अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेली मैथ्यूज, हुमैरा काजी, इस्सी वोंग, जिन्तिमनी कलिता, नट साइवर-ब्रंट, पूजा वस्त्राकर, प्रियंका बाला, सैका इशाक, यास्तिका भाटिया, शबनिम इस्माइल, एस सजना, अमनदीप कौर, फातिमा जाफर, कीर्तन बालाकृष्णन।

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, लौरा हैरिस, शैफाली वर्मा, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, अश्विनी कुमारी, जेस जोनासेन, मारिज़ैन कैप, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, राधा यादव, शिखा पांडे, अपर्णा मंडल , तानिया भाटिया, पूनम यादव, टिटास साधु।

## खास खबर



## रांची की पिच को लेकर कोई अंदाजा नहीं लगा सकता : स्टोक्स

**रांची ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा है कि उन्हें अंदाजा नहीं है कि शुक्रवार से यहां भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे टेस्ट मैच में पिच किस प्रकार का व्यवहार करेगी। स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने यहां की पिच नहीं देखी है, इसलिए ये किस प्रकार का व्यवहार करेगी इस बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। रांची टेस्ट की पिच अपनी गहरी भूरी, अत्यधिक सूखी और टूटी हुई प्रकृति के कारण चर्चा में है। इसी को लेकर टीम के उप-कप्तान ओली पोप ने गत दिवस कहा था कि पिच में पहले से ही दरारें हैं, जिससे संकेत मिलता है कि इसमें टर्न और असामान्य उछाल शुरु से ही रहेगा। स्टोक्स ने कहा, मुझे नहीं पता, मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा है इसलिए मुझे कोई अंदाजा नहीं है। मुझे नहीं पता कि क्या हो सकता है। यदि आप विपरीत छोरों के एक तरफ नीचे देखते हैं यह उससे बिल्कुल अलग दिखता था जिसे मैं देखने का आदी हूं, खासकर भारत में। चेंजिंग-रूम में यह हरा और घास वाला दिखता था पर फिर आप वहां जाते हैं, यह अलग दिखता था। इसमें काफी दरारें थीं। स्पिन के अनुकूल पिच पर स्पिनर टॉम हार्टले, शोएब बशीर और रेहान अहमद को सहायता मिल सकती है। इस मैच में उनकी टीम का लक्ष्य जीत हासिल कर सीरीज में वापसी के पयास करना रहेगा। इस मैच में तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह ओली रॉबिन्सन को शामिल किया जा सकता है। स्टोक्स के अनुसार गेंदबाज रॉबिन्सन ने रांची टेस्ट में हिस्सा लेने के लिए कड़ी मेहनत की है और उन्हें भी अवसर मिल सकता है।

## नागल शीर्ष 100 से बाहर हुए , युगल में बोपन्ना भारत के शीर्ष खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमिन नागल विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। एकल खिलाड़ी नागल को 16 अंकों का नुकसान हुआ जिससे वह एटीपी की ताजा विश्व रैंकिंग में तीन स्थान नीचे खिसककर 101वें स्थान पर पहुंच गये। पिछले साल नागल को एक क्वालीफायर के तौर पर चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक का लाभ हुआ था पर वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए जिसे उनकी रैंकिंग नीचे आ गयी। नागल ने इस साल की शुरुआत में ही चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनायी थी। वहीं एकल में भारतीय टीम के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं। रामकुमार एटीपी रैंकिंग में 42 पायदान ऊपर आकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके बाद शशि कुमार मुकुंद 457 वें, एसडी प्रज्वल देव 595 वें और दिग्विजय प्रताप सिंह 623 वें स्थान पर हैं हालांकि युगल में अब भी रोहन बोपन्ना ही भारत के शीर्ष खिलाड़ी बने हुए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर युकी भांबरी 60, एन श्रीराम बालाजी 80, विजय सुंदर प्रशांत 81, साकेत मयनेनी 89 और अनिरुद्ध चंद्रशेखर 94 के नंबर आते हैं।



## एंडरसन और वुड शायद ही चौथा टेस्ट खेलें : आकाश चोपड़ा

भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और मार्क वुड रांची में शुक्रवार से भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले चौथे टेस्ट मैच में शायद ही खेलेंगे। चोपड़ा ने कहा कि रांची की पिच काली मिट्टी की होने के कारण धीमी हो जाएगी। ऐसे में इससे तेज गेंदबाजों को सहायता नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा, रांची की पिच काली मिट्टी वाली पिच है और यह धीमी होती रहती है। इस पिच में उछाल और गति नहीं है। इसलिए यहां तेज गेंदबाजों को ज्यादा सहायता नहीं मिलेगी। ऐसे में मुझे लगता है कि एंडरसन और वुड को शायद ही जगह मिले। इन हालातों में दो नए गेंदबाजों को अवसर मिल सकता है। चोपड़ा ने यह भी कहा कि अगर एंडरसन नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन को चौथे टेस्ट में अवसर मिल सकता है।उन्होंने कहा, अगर एंडरसन नहीं खेलते हैं, तो रॉबिन्सन खेल सकते हैं क्योंकि वह बहुत अच्छे गेंदबाज हैं। इसके अलावा गस एटकिंसन भी इस टीम में शामिल हैं उन्हें वुड की जगह शामिल किया जा सकता है। वे इस मैच में स्पिनर शोएब बशीर को भी शामिल कर सकता है। मुझे लगता है कि स्पिन आक्रमण इस मैच में हावी रहेगा।

# भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट में जीत के साथ ही सीरीज अपने नाम करने उतरेगी

**सुबह 9.30 बजे शुरू होगा**

**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच को जीतकर पांच मैचों की ये सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है। भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज अभी अच्छे फार्म में है, ऐसे में उसके पास इस मैच में जीत के अच्छे अवसर हैं। वहीं दूसरी ओर मेहमान टीम इंग्लैंड के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में नहीं हैं, ऐसे में उसके ऊपर इस मैच में दबाव रहेगा। यहां की पिच से स्पिनरों को सहायता मिल सकती है। ऐसे में दोनो ही टीमें अपने-अपने मुख्य तेज गेंदबाजों को आराम दे सकती हैं

भारतीय टीम ने इस मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया गया है। उनकी जगह युवा आकाश दीप या मुकेश मुकार में से किसी एक को अवसर मिल सकता है। वहीं इंग्लैंड ने तेज गेंदबाज मार्क वुड को आराम दिया है। उनकी जगह ऑली रोबिंसन को शामिल किया है।

भारत अभी सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है और उसकी नजरें इस मैच में जीत के साथ ही घरेलू मैदान पर लगातार 17वीं सीरीज जीतने पर लगी रहेंगी। इससे पहले साल 2012 में एलिस्टर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड की टीम से मिली हार के बाद से ही भारतीय टीम ने अपनी धरती पर अच्छा प्रदर्शन करते हुए 47 टेस्ट मैचों में से 38 में जीत हासिल की थी। विराट कोहली और केएल राहुल के बाहर होने के बाद भी भारतीय बल्लेबाज काफी मजबूत है। कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल ,यशस्वी जायसवाल शानदार फार्म में हैं। यशस्वी ने पिछले मैच में दोहरा शतक लगाया था। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेज गेंद और बल्ले से अबतक शानदार रहे हैं। इसके अलावा युवा सरफराज खान ओर ध्रुव जुरेल ने भी अबतक अच्छा प्रदर्शन किया है। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड टीम के प्रमुख बल्लेबाज जो




रुट अब तक नाकाम रहे हैं। ऑल पोप और बेन डकेट ही सीरीज में एक-एक शतक लगा पाये हैं। टीम की तेज गेंदबाजी अच्छी है पर उसके स्पिन भारतयीय स्पिनरों जितने अनुभवी नहीं हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), यशवी जयसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार या देवदत्त पडिक्कल, सरफराज खान, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, आर अश्विन, आकाश दीप याह मुकेश कुमार मोहम्मद सिराज।

**इंग्लैंड टीम:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फॉक्स, टॉम हार्टले, जेम्स एंडरसन, ओली रॉबिन्सन, शोएब बशीर।

# सचिन ने कश्मीर में युवाओं के साथ क्रिकेट खेला

**श्रीनगर।**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर आजकल अपने परिवार के साथ कश्मीर घाटी के दौरे पर हैं। इस दौरान सचिन ने बर्फबारी का आनंद लेने के साथ ही स्थानीय युवकों के साथ क्रिकेट भी खेला जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें सचिन उरी में कुछ स्थानीय युवकों के साथ सड़क किनारे क्रिकेट खेलते हुए दिख रहे हैं। इस दौरान ये युवा सचिन के फुटवर्क और उनके शॉट लगाने के तरीके को देखते नजर आये। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस वीडियो को साझा करते हुए लिखा क्रिकेट और कश्मीर, स्वर्ग में एक मैच।वहीं कुछ दिन पहले ही उन्होंने श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुर्सू में एक क्रिकेट बैट निर्माण इकाई का भी दौरा किया था। तेंदुलकर ने विनिर्माण इकाई में एक घंटा बिताया और प्रशंसकों के एक छोटे समूह से बातचीत की। उन्होंने उन्हें दिए गए पहले बल्ले को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो भी पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझे पहला बल्ला मेरी बहन ने दिया था और वह कश्मीर विलो बल्ला था। अब मैं यहां हूं तो कश्मीर विलो को तो मिलना बनता है।

सचिन ने उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर आखिरी बिंदु अमन सेतु पुल का दौरा किया और जवानों से बात की। अधिकारियों ने बताया कि लगभग एक घंटे तक चली अपनी यात्रा के दौरान तेंदुलकर ने अमन सेतु के पास कमान पोस्ट पर सैनिकों से बातचीत की। इसके अलावा वह दक्षिण कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल भी पहुंचे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अन्य वीडियो में तेंदुलकर को



एक उड़ान में अपने साथी यात्रियों से उत्साहित होकर बात करते हुए देखा गया। इस दौरान यात्रियों ने



तालियां बजाईं और सचिन-सचिन के नारे लगाए। इसपर सचिन ने भी उनका अभिवादन किया।

## आकाश दीप को मिल सकती टेस्ट कैप

**रांची ।**



जसप्रीत बुमराह की जगह पर बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप को इंग्लैंड के बीच रांची में शुक्रवार से शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया जा सकता है। आकाश दीप को इस मैच में टेस्ट कैप मिलने की पूरी उम्मीद है। आकाश दीप अगर पदार्पण करते हैं तो वह तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ गेंदबाजी मुकेश कुमार बचे हुए 2 मैचों के लिए टीम में लौट आए हैं पर कहा जा रहा है कि चयनकर्ता और टीम प्रबंधन आकाश को अवसर देना चाहते हैं। आकाश ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से खेलते हुए 2 मैचों में शानदार गेंदबाजी करते हुए 11 विकेट लिए थे हालांकि मुकेश ने तीसरे टेस्ट से ब्रेक के दौरान बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी खेलकर 10 विकेट लिए थे पर दूसरे टेस्ट में उनके खराब प्रदर्शन के बाद चयनकर्ता अब आकाशदीप को अवसर देना चाहते थे। मोहम्मद सिराज की जगह खेलते उतरे मुकेश ने दूसरे टेस्ट में केवल एक विकेट लिया था। आकाश दीप ने साल 2019 में पदार्पण के बाद से ही 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। उन्होंने 23.58 की औसत और 3.03 की इकॉनमी रेट से 104 विकेट लिए हैं। यदि आकाश को अवसर मिलता है तो वह सीरीज में भारत की ओर से खेलने वाले चौथे पदार्पणकर्ता होंगे, इससे पहले रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल को पिछले खेलों में कैप मिली थी।

**चौथे टेस्ट के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है :**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

## टर्निंग पिच से नहीं डरती इंग्लैंड टीम : ओली

### हमारे पास भी अच्छे स्पिनर

**रांची ।**

इंग्लैंड के उप कप्तान ओली पोप ने भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले कहा है कि वह टर्निंग पिच से नहीं डरते हैं। ओली के अनुसार उनकी टीम के पास भी काफी अच्छे स्पिनर हैं। उन्होंने कहा कि 'टर्न' लेती पिच से उनकी टीम को कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि इस मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को सहायता मिलेगी जिससे मुकाबला बराबरी पर आ जाएगा। साथ ही कहा कि हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में 'स्पोर्टिंग पिच' होने के कारण स्पिनरों के साथ ही तेज गेंदबाजों ओर बल्लेबाजों को भी सहायता मिली थी। इस प्रकार की पिचें स्पिनरों के लिए ही नहीं सभी प्रकार के गेंदबाजों के लिए लिए लाभदायक होती हैं। साथ ही कहा, 'अगर यहां पहली ही गेंद से स्पिनरों को सहायता मिलती है तो इससे टॉस की भूमिका समाप्त हो जाएगी। इससे मैदान पर मुकाबला बराबरी पर आ जाता है। कई बार शुरू में विकेट सपाट होता है पर फिर यह खराब होने लगता है। इसी प्रकार के विकेट पर हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता था। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरा और तीसरा टेस्ट जीता। साथ ही कहा कि अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे परिणाम तय नहीं होता पर इससे आपको लाभ मिलता है।' पहले टेस्ट में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ओली का मानना है कि जिस विकेट पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उनकी टीम को भी विकेट लेने का अवसर मिल जाएगा। साथ ही कहा, 'हम जैसी उम्मीद लगाए हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह व्यवहार करेगा तो हमें लाभ होगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं जिन्होंने कुछ अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे हमारे लिए भी विकेट लेने के अवसर मिलेंगे।' ओली ने बल्लेबाजी के दौरान भारतीय स्पिनरों के खिलाफ स्वीप शॉट खेलकर स्पिनरों को प्रभावहीन कर दिया था। ओली ने कहा, 'अगर पिच स्पिन करेगी तो हमें और अधिक स्वीप शॉट और नए तरह के शॉट देखने को मिलेंगे। हमने देखा है कि भारतीय स्पिनर स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं।

## गॉफ दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंची; स्वीयाटेक ने स्वितोलिना को पछाड़ा

**दुबई,**

विश्व नं. 3 अमेरिकी कोको गॉफ ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।मौजूदा यूएस ओपन चैंपियन गॉफ ने 1 घंटे और 53 मिनट के खेल के बाद प्लिस्कोवा पर जीत हासिल की, और अपने आमने-सामने के मुकाबले में 2-1 से आगे हो गई। इस सप्ताह के डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट में पहले से ही कम रैंक वाले विरोधियों द्वारा कई वरीय खिलाड़ियों को हराने के बाद ,गॉफ नवीनतम बड़े नाम वाली दुर्घटना बनने से बच गई क्योंकि वह एक रोलरकोस्टर लड़ाई के बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई जिसने प्रशंसकों को अपनी सीटों पर बांधे रखा। गॉफ का अगला मुकाबला अन्ना कलिंस्काया से होगा, जिन्होंने बुधवार को 2022 दुबई चैंपियन और विश्व नंबर 9 जेलेना ओस्टापेन्का को 6-4, 7-5 से हराया। अन्य मुकाबले में, वर्ल्ड नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने बुधवार रात तीसरे राउंड में नंबर 15 सीड और दो बार की पूर्व चैंपियन एलिना स्वितोलिना को हराया। पोल स्टार ने अब अपने पिछले 26 मैचों में से 25 जीते हैं और शीर्ष 20 खिलाड़ियों के खिलाफ 13 मैचों की जीत की लय में है।इस महीने मध्य पूर्व में लगातार छह मैचों में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए, स्वीयाटेक ने अपने यूक्रेनी प्रतिद्वंद्वी को सीधे सेटों में 6-1, 6-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां अब उसका सामना चीन की झेंग किनवेन से होगा। वर्ल्ड नंबर 7 झेंग ने अनस्तासिया पोटापोवा को सीधे सेटों में 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम आठ में जगह पक्की की। उसने अब शीर्ष 20 से बाहर के खिलाड़ियों के खिलाफ अपने पिछले 27 मैचों में से 26 में जीत हासिल की है और पिछले सप्ताह लेयला फर्नांडीज से उसे एकमात्र हार मिली थी। जबकि स्वितोलिना ने 2017 और 2018 में यहां बैक-टू-बैक खिताब हासिल किए, स्वीयाटेक, झेंग और टूर्नामेंट में शेष छह खिलाड़ी - कोको गॉफ, सोराना क्रिस्टिया, मार्केटा वोंद्रोसोवा, एलेना रिबाकिना, जैस्मीन पाओलिनी और अन्ना कलिंस्काया - हैं, सभी पहली बार खिताब के लिए प्रयासरत हैं।




## अश्विन को नहीं मिला पर्याप्त श्रेय : डिविलियर्स

**500 टेस्ट विकेट पूरे करने पर बधाई देते हुए कही ये बात**

**जोहांसबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन को अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे करने पर बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं मिला। अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे किए थे। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह दूसरे दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं। अश्विन की इस शानदार उपलब्धि पर बधाई देते हुए डिविलियर्स ने कहा है कि जितना उन्हें सराहना मिलनी चाहिये थी वह नहीं मिली। अश्विन गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी में भी निचले स्तर पर अहम भूमिका निभाते हैं। ये भी सभी को ध्यान रखना होगा कि भारत की ओर से अभी तक केवल 2 गेंदबाज ही 500 या इससे ज्यादा टेस्ट विकेट ले पाए हैं और इसमें अश्विन दूसरे नंबर पर हैं। वहीं पहले नंबर पर दिग्गज लेग स्पिनर अनिल कुंबले हैं जिनके नाम 619 टेस्ट विकेट हैं। डिविलियर्स ने कहा,'क्या शानदार उपलब्धि है। बधाई अश्विन। आप उन खतरनाक गेंदबाजों में शामिल हो जिनके खिलाफ मैंने खेला है। आप बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही विभागों में शानदार रहे हैं। आप भारतीय टीम की अमूल्य संपत्ति हो। साथ ही कहा कि एक दिग्गज खिलाड़ी होने के बाद भी उन्हें पर्याप्त श्रेय नहीं दिया जाना निराशाजनक है।

## बेयरस्टो की जगह लारेंस को शामिल करें : कुक

**लंदन ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ शुक्रवार से रांची में शुरु हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को नहीं रखा जाना चाहिये। कुक के अनुसार बेयरस्टो का प्रदर्शन इस सीरीज में अच्छा नहीं रहा है। वह पिछली छह पारियों में एक बार भी 40 रनों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं। उनका औसत भी 17.00 बेहद खराब रहा है। कुक ने कहा, 'मैं इस खिलाड़ी की भलाई के लिए ही उसे बल्लेबाजी लाइन अप से बाहर करने की बात कह रहा हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अभी तक भारत का दौरा उसके लिए कठिन साबित हुआ है। उन्होंने कहा, 'मैं यह नहीं कह रहा हूं कि वह फिर कभी टेस्ट क्रिकेट नहीं खेलेगा पर अभी ये अच्छा रहेगा कि किसी ऐसे किसी खिलाड़ी को अवसर दिया जाये जिसने अब तक इस सीरीज में नहीं खेला है। कुक ने बेयरस्टो की जगह पर डैन लारेंस को शामिल करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा, 'जब आप रन नहीं बना पा रहे हों तो कुछ गेंदबाज आपके खिलाफ दबाव बनाकर लय बना लेते हैं, इसलिये मैं लारेंस को शामिल करने के पक्ष में हूं। वहीं एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल एथरटन का मानना है कि इंग्लैंड टीम प्रबंधन बेयरस्टो को ही रखेगा। एथरटन ने कहा, 'बेयरस्टो इस सीरीज के लिए अबतक अहम रहा है इसलिये मुझे नहीं लगता कि इस मौके पर उसे बाहर कर दिया जाएगा। इंग्लैंड की टीम अभी पांच मैच की इस सीरीज में अभी 1-2 से पीछे है और ऐसे में चौथा टेस्ट उसके लिए बेहद अहम है। कुक के अनुसार जिस प्रकार भारतीय टीम ने अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को आराम दिया है। उसी प्रकार उनकी टीम को भी अपने तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और मार्क वुड को आराम देना चाहिये। इससे वे अंतिम टेस्ट में तरोताजा होकर उतर सकेंगे। इस सीरीज का अंतिम धर्मशाला में होगा और वहां के हालात तेज गेंदबाजों के अनुकूल माने जाते हैं। ऐसे में एंडरसन और वुड धर्मशाला के ठंडी हालातों में काफी प्रभावी होंगे।




# 30 की उम्र में इन न्यूट्रिएंट्स से करें दोस्ती, बुढ़ापे में नहीं होगी परेशान

30 साल के बाद हर किसी का शरीर एक्स्ट्रा केयर खोजता है। खासकर महिलाओं को इसकी ज्यादा जरूरत होती है। इस उम्र में अक्सर शरीर के अंगों के कामकाज की रफ्तार धीमी होने लगती है। ऐसे में जरूरी है कि महिलाएं अपनी सेहत का खास ख्याल रखें। आज हम आपको एक्सपर्ट की बताएं उन पांच न्यूट्रिएंट्स की जानकारी दे रहे हैं, जिसे हर महिला को अपने डाइट का हिस्सा बनना चाहिए।

## विटामिन डी

महिलाओं को अपनी डाइट में विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों को जरूर शामिल करना चाहिए। यह एक मास्टर न्यूट्रिएंट्स होता है, जो आप के हार्मोनल बैलेंस को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा यह मूड बूस्टर की तरह काम करता है और इम्यूनिटी मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विटामिन डी की कमी आप दूध, मशरूम, सेलमन मछली का सेवन करके पूरा कर सकते हैं।

## आयरन

आयरन युक्त खाद्य पदार्थों को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। खासकर आप वर्किंग वुमन हैं और आप बहुत जल्दी थकान और कमजोरी महसूस करती हैं यह एक परफेक्ट एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है। इससे शरीर में खून की कमी नहीं होती है और एनीमिया जैसी बीमारी की चपेट में आने से आप बच सकती हैं। इसके लिए आप नट्स, सीड्स, पालक ब्रोकली, अनार का सेवन कर सकती हैं।

## ओमेगा 3 फैटी एसिड

हार्ट और ब्रेन हेल्थ को बरकरार रखने के लिए महिलाओं को ओमेगा 3 फैटी एसिड युक्त खाद्य पदार्थों को भी डाइट में शामिल करना चाहिए। यह इन्फ्लेमेशन से भी लड़ने में मदद करता है और आपको क्रॉनिक बीमारियों के खतरे से बचाता है। इसके लिए आप चिया सीड्स,दूध, सी फूड का सेवन कर सकती हैं।


## कैल्शियम

कैल्शियम भी एक बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट्स है। यह न सिर्फ हड्डियों को मजबूती देता है बल्कि ओवर ऑल स्ट्रैंथ के लिए जिम्मेदार होता है। इससे मसल्स का फंक्शन भी सही होता है और नर्व भी ठीक प्रकार से फंक्शन करता है। इसकी कमी को पूरा करने के लिए डेयरी प्रोडक्ट्स को डाइट में शामिल करना चाहिए।

## फोलेट

फोलेट भी बहुत ही जरूरी न्यूट्रिएंट्स में से एक है। खासकर जो महिलाएं मां बनने वाली हैं, उन्हें अपनी डाइट में इसे जरूर शामिल करना चाहिए। इससे रेड ब्लड सेल्स बूस्ट होता है और खून की कमी नहीं होती। इसके लिए चिकपी, ब्रोकली, नट्स का सेवन करना चाहिए।





# जिंदगी की भागदौड़ से हो गए हैं परेशान? सेहतमंद रहने के लिए इन बातों पर दें ध्यान

**कई बार हम अंदर ही अंदर घुटते रहते हैं, जिसका असर मेंटल ही नहीं फिजिकल हेल्थ पर भी होता है। एक्सपर्ट की बताई कुछ खास बातों का ख्याल रखकर आप खुद को सेहतमंद रख सकती हैं।**

भागदौड़ से भरी इस जिंदगी में भला कौन तनाव से परेशान नहीं है। सभी को किसी न किसी बात का स्ट्रेस तो है ही। जिंदगी की मुश्किलों को हल करते हुए अक्सर हम खुद की परवाह करना भूल जाते हैं। अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। लेकिन असल में सेहतमंद रहने के लिए सही खान-पान, एक्सरसाइज और हेल्दी रूटीन के अलावा भी कई चीजें जरूरी हैं। जब हम मानसिक तौर पर परेशान होते हैं, अपने दिल की बात कह नहीं पाते हैं या फिर ओवरथिंकिग करते हैं, तो इसका असर हमारी ओवरऑल हेल्थ पर होता है। इसलिए, खुद को खुश रखने पर और खुद की परवाह करने पर ध्यान देना चाहिए। सेहतमंद रहने के लिए कुछ बातों पर जरूर ध्यान दें।

## सोशल एक्टिविटी पर ध्यान दें

अक्सर हम जिंदगी की भागदौड़ में इतना उलझ जाते हैं कि उन चीजों पर ध्यान नहीं दे पाते हैं जो असल में हमारे लिए जरूरी हैं। रोजमर्रा के कामकाज के बीच हर हफ्ते कम से कम एक घंटा आपको किसी सोशल एक्टिविटी से लिए निकालना चाहिए। अपने दोस्तों से मिलें, बाहर जाएं या फिर कुछ भी ऐसा करें जो आपको पसंद हो। इसका मेंटल हेल्थ पर पॉजिटिव असर होता है।


## सेल्फ केयर पर ध्यान दें

इस बात को समझना जरूरी है कि आप अपने अपनों के लिए भी कुछ तभी कर पाएंगे तब आप खुद हेल्दी होंगे। इसलिए, अपनी परवाह करें। खान-पान को नजरअंदाज न करें। हेल्दी डाइट लें, खुलकर अपने बारे में बात करें और एक हेल्दी लाइफस्टाइल को फॉलो करें। अगर शरीर में किसी तरह की परेशानी महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर की सलाह लें।

## ब्रेक भी है जरूरी

जिंदगी की भागदौड़ से अगर आप थक गए हैं और आपके स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ रहा है, तो इसे समझें। रोजमर्रा की जिंदगी के थोड़ा ब्रेक भी जरूरी है। ब्रेक में हेल्दी एक्टिविटी जैसे योगा, ब्रिस्क वॉकिंगह, रीडिंग या फिर कुछ भी और करें, जिससे आपकी सेहत पर अच्छा असर हो।





# बच्चों में नजर आने वाले ये लक्षण हो सकते हैं एनीमिया के संकेत

एनीमिया एक ऐसी समस्या है जिसमें शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या में कमी हो जाती है। यानी शरीर में खून की कमी हो जाती है। लाल रक्त कोशिकाओं में हीमोग्लोबिन होता है, यह एक ऐसा प्रोटीन होता है जो फेफड़ों से ऑक्सीजन ले जाने और शरीर के सभी भागों में पहुंचाने में सक्षम बनाता है। जब शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं की कमी हो जाती है तो रक्त ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति नहीं कर पता है। यह ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलता है लेकिन बच्चे भी इसके शिकार हो जाते हैं। आज हम जानेंगे कि बच्चों में एनीमिया होने पर क्या लक्षण नजर आते हैं।

## बच्चों में एनीमिया होने पर नजर आने वाले लक्षण

- अगर आपका बच्चा थोड़ी देर ही खेलने के बाद थक जाता है तो यह एनीमिया के सबसे आम लक्षणों में से एक।
- खून की कमी के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होने लगती है जिससे बच्चा बार-बार बीमार पड़ता है।
- एनीमिया के चलते बच्चों में चिड़चिड़ापन और बेचैनी भी देखने को मिलता है।
- सीढ़ियां चढ़ने बाद बच्चे का सांस फूलने लगना या सांस लेने में दिक्कत हो तो यह भी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं। खून की कमी के कारण ऑक्सीजन की सप्लाई नहीं हो पाती है।
- बार-बार बच्चा सिर में दर्द और चक्कर की शिकायत करता है तो भी ये एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं।
- त्वचा और आंखों का पील पड़ना भी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं।
- कई बार हार्ट रेट भी बढ़ जाता है और शरीर का तापमान भी गिरने लगता है।
- यह भी पढ़ें-हार्ट अटैक आने के 15 मिनट के अंदर कर लें उपाय, बच सकती है मरीज की जान

## ऐसे करें बचाव

- ऐसे कोई भी लक्षण आपके बच्चे में नजर आते हैं तो तुरंत ही डॉक्टर से चेकअप करवाएं और डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाई का सेवन करवाएं।
- इसके अलावा आप हरी सब्जियां,दाल, नॉन वेजिटेरियन फूड भी बच्चे को खिला सकते हैं। इससे भी शरीर में रेड ब्लड सेल्स बढ़ते हैं।
- विटामिन सी से भरपूर नींबू, संतरा, कीनू, कीवी, स्ट्रॉबेरी जैसे पौष्टिक फलों को डाइट का हिस्सा बनाएं। इससे भी शरीर आयरन को तेजी से अब्जॉर्ब कर पाता है।



# हार्मोनल इंबैलेंस दूर करने के लिए महिलाएं डाइट में शामिल करें ये चीजें

**महिलाओं के शरीर में एस्ट्रोजन जैसे कई हार्मोन्स का सही संतुलन होना जरूरी है। हार्मोनल इबैलेंस दूर करने के लिए कुछ खास चीजों को डाइट में लेना और हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करना जरूरी है।**

हार्मोनल बैलेंस का सीधा असर हमारी सेहत पर होता है। अगर शरीर में हार्मोन्स बैलैंस नहीं हैं, तो इससे हमारी पूरी सेहत प्रभावित होती है। शरीर के सही तरह से फंक्शन करने के लिए हार्मोन्स का लेवल सही होना जरूरी है। खासकर, महिलाओं के शरीर में अगर हार्मोन्स ऊपर-नीचे होते हैं, तो इससे महिलाओं की फर्टिलिटी, डाइजेशन, वजन और मूड समेत कई चीजें प्रभावित होती हैं। महिलाओं की हार्मोनल हेल्थ के लिए एस्ट्रोजन हार्मोन का सही लेवल जरूरी है। कुछ फूड्स इसे मैनेज करने में खास भूमिका निभाते हैं। इन्हें महिलाओं को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। इस बारे में डाइटिशियन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।

## फाइबर रिच फूड्स

फाइबर रिच फूड्स शरीर में एस्ट्रोजन के लेवल को बैलेंस करने में मदद करते हैं। ये शरीर से अतिरिक्त एस्ट्रोजन को बाहर निकालने के लिए जरूरी होते हैं। एस्ट्रोजन की अधिक मात्रा शरीर के कई फंक्शन्स पर असर डाल सकती हैं। ऐसे में फाइबर रिच फूड्स को डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

## क्रूसिफेरस वेजिटेबल्स

ब्रोकली, पत्तागोभी और फूलगोभी जैसी क्रूसिफेरस सब्जियां भी शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन को बैलेंल करने के लिए जरूरी हैं। इन सब्जियों में कुछ ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म और बैलेंस के लिए जरूरी होते हैं।

## हेल्दी फैट्स

शरीर को सेहतमंद बनाए रखने के लिए हेल्दी फैट्स जरूरी हैं। हेल्दी फैट्स जैसे एवाकाडो, फैटी फिश और नट्स को डाइट में शामिल करें। इससे हार्मोनल बैलेंस में मदद मिलती है।

## फ्लैक्स सीड्स

फ्लैक्स सीड्स में लिग्नांस होते हैं और कई ऐसे गुण पाए जाते हैं जो एस्ट्रोजन लेवल को रेगुलेट करने में मदद करते हैं। इन्हें आप कई तरह से डाइट में शामिल कर सकती हैं। इनकी चटनी (अलसी के बीज की चटनी), रोटी और रोस्टेड सीड्स भी फायदेमंद होते हैं।

## चिया सीड्स

फ्लैक्स सीड्स की तरह चिया सीड्स में भी लिग्नांस और फाइबर होता है। ये भी हेल्दी एस्ट्रोजन मेटाबॉलिज्म को सपोर्ट करते हैं। इन्हें भिगोकर डाइट में शामिल करें। इससे वजन भी कंट्रोल में रहता है।



# सेहत को कमाल के फायदे पहुंचाती है अमरूद की चटनी



अमरूद एक ऐसा फल है जो सभी को पसंद आता है। नमक और मिर्च लगाकर अमरूद खाने का जो मजा है वह शायद ही किसी और फल को खाने में आता होगा। कुछ लोग अमरूद साबुत कहते हैं तो कुछ इसकी जेली बनाकर खाते हैं। लेकिन क्या आपने कभी अमरूद की चटनी खाई है? जी हां अमरूद की चटनी खाने में तो स्वादिष्ट लगती ही है, इससे सेहत को भी खूब लाभ पहुंचता है। आइए जानते हैं इस बारे में डाइटिशियन लवनीत बत्रा से।

## अमरूद की चटनी खाने के फायदे

- अमरूद में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें, तो इसमें मैंगनीज, पोटैशियम, विटामिन- सी, मिनरल, लाइकोपीन फाइबर होते हैं। वहीं, जब इसकी चटनी बनाई जाती है, तो इसमें और भी कई तरह के इंग्रीडिएंट को शामिल किए जाते हैं, जिससे इसका फायदा दोगुना हो सकता है।
- अमरूद की चटनी का सेवन करने से डायबिटीज के मरीजों को फायदा हो सकता है। दरअसल, इसमें फाइबर की अच्छी मात्रा होती है।, इसकी वजह से यह ब्लड शुगर को रेगुलेट करने में मदद करता है। इससे शुगर स्पाइक नहीं होता है।
- अमरूद में पोटैशियम भी होता है जो कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करके हार्ट हेल्थ को फायदा पहुंचा सकता है।
- इसके अलावा, इस चटनी का सेवन करने से पाचन दुरुस्त होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन- तंत्र को बूस्ट करता है, जिससे कब्ज और, एसिडिटी जैसी परेशानी नहीं होती है।
- इसमें भरपूर विटामिन- सी होता है, जिससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनती है। इससे आपकी ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। वहीं, इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट फी रेडिकल से लड़ने में मदद करते हैं, जिससे कई तरह की क्रॉनिक बीमारियों का खतरा कम होता है।

# क्या आप भी डेंटल फ्लॉस का इस्तेमाल करते हैं? जान लें नुकसान

दांत साफ हो तो आपकी मुस्कान और भी ज्यादा खूबसूरत लगती है। इसलिए जरूरी है कि दांतों को सही तरीके से साफ किया जाए। ओरल हेल्थ न सिर्फ दांतों को सड़न से बचाता है बल्कि ओवरऑल हेल्थ को फायदा पहुंचता है। यही वजह है कि अक्सर डॉक्टर डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं, जिससे दांतों के बीच फंसे भोजन आराम से निकल जाता है। लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि डेंटल फ्लॉस के कुछ नुकसान भी हैं। आइए इस बारे में डेंटल डॉक्टर तलबिया खान से जानते हैं।

## क्या होता है डेंटल फ्लॉस

डेंटल फ्लॉस एक काफी पतला सिंथेटिक धागा होता है जिसे दांतों के बीच में घुसाकर दांतों के बीच फंसी गंदगी को हटाया जा सकता है। कई बार कुछ ऐसा खाते हैं जो दांतों के बीच में फंस जाता है और इसके कारण बैक्टीरिया पैदा होते हैं। इससे मुंह में स्मेल और सड़न जैसी दिक्कत होती है। वहीं डेंटल फ्लॉस इस्तेमाल करने से दांतों में प्लाक जमा नहीं होते हैं। एक्सपर्ट की माने तो डेंटल फ्लॉस से फायदा और नुकसान दोनों हो सकता है। यह पूरी तरह से इस बात पर डिपेंड करता है कि आप किस तरह का फ्लॉस इस्तेमाल करते हैं। दरअसल कुछ ऐसे डेंटल फ्लॉस होते हैं जो टॉक्सिक केमिकल टेफ्लॉन से बनाए जाते है। जब शरीर के अंदर यह केमिकल जाते हैं तब थायराइड जैसी समस्या हो सकती है हार्मोन असंतुलन हो सकता है। वहीं कुछ फ्लॉस में फ्रेगनेंस होता है। यह सिंथेटिक खुशबू होती है। इनमें भी कई तरह के केमिकल पाए जाते हैं जिससे शरीर के अंदर गड़बड़ी हो सकती है। वहीं जो लोग दिन भर में एक बार से ज्यादा फ्लॉसिंग करते हैं उनके मसूड़े की टिशू डैमेज हो सकती है। इसके अलावा दांतों के बीच स्पेस भी बढ़ सकता है।

## फ्लॉसिंग का सही तरीका

- एक्सपर्ट कहती हैं कि ओरल हेल्थ के लिए फ्लॉसिंग जरूरी है लेकिन आप जब भी फ्लॉस स्टिक का चुनाव करें तो ध्यान रहे कि यह केमिकल फ्री होना चाहिए।
- वहीं अक्सर लोग फ्लॉसिंग बहुत तेज कर लेते हैं इसकी वजह से मसूड़ों से खून आने लगता है जो कि कई तरह की समस्या पैदा कर सकता है इसलिए जब भी फ्लॉसिंग करें हल्के हाथों से फ्लॉसिंग करें।





# वर्कआउट रूटीन की एक झलक शेयर की हिना खान ने

छोटे परदे की एक्ट्रेस हिना खान फिट रहने के लिए स्ट्रिक्ट डाइट की बजाय एक्सरसाइज पर भरोसा करती हैं। एक्ट्रेस हिना खान ने हाल ही में अपने वर्कआउट रूटीन की एक झलक शेयर की। हिना ने बताया कि उन?होंने फिट रहने के लिए अपने वर्कआउट में स्किपिंग और वेट ट्रेनिंग को शामिल किया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर हिना ने जिम की एक झलक शेयर करते हुए लिखा, कुल सात किमी दौड़ी, 1500 स्किप्स और कुछ बॉडी वेट ट्रेनिंग करनी पड़ेगी, ऑप्शन नहीं है।

जिस स्पीड से मैं खाती हूं, माशा अल्लाह, नजर मत लगाना प्लीज. सारी कैलोरी बर्न कर दूंगी, बस खाना नहीं रुकना चाहिए। मैं डाइटिंग नहीं करती, एक्सरसाइज करती हूं. एक ही तो जिंदगी है, खाओ-पियो मस्त रहो। एक दूसरी स्टोरी में हिना ने जिम में वर्कआउट करते और पसीना बहाते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया। इसे कैप्शन दिया कि रोशोगुल्ला, कचौरी, बिरयानी, जलेबी, पुचका, चिकन रोल्स सब याद कर-करके मैं वर्कआउट कर रही हूं। अभिनेत्री अपनी कोलकाता यात्रा का जिक्र कर रही थीं, जहां उन्होंने स्वादिष्ट स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया। हिना ने बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी के साथ हल्की-हल्की सी नामक एक संगीत वीडियो में काम किया। गाने को असीस कौर और साज भट्ट ने गाया है। गीतकार और संगीतकार संजीव चतुर्वेदी हैं, जबकि वीडियो ए टू मेकर्स फिल्म द्वारा शूट किया गया है। अंशुल गर्ग द्वारा प्रस्तुत इस गाने का टीजर 20 फरवरी को सुबह 11 बजे रिलीज किया जाएगा।



# लंदन में हुई आलिया भट्ट की क्राइम सीरीज पोचर की स्पेशल स्क्रीनिंग

एक्ट्रेस आलिया भट्ट की क्राइम सीरीज पोचर की स्पेशल स्क्रीनिंग हाल ही में लंदन में हुई है। आ?लिया इन दिनों वेब सीरीज पोचर को लेकर चर्चा में है। इस सीरीज के साथ बतौर एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर वो जुड़ी है। ये सच्ची घटनाओं पर बेस्ड है जो भारतीय इतिहास में हाथी दांत के अवैध शिकार के सबसे बड़े गिरोह का पता लगाती है। इसका प्रीमियर 23 फरवरी को होने वाला है। हाल में लंदन में इस अपकमिंग अमेज़न ओरिजिनल की एक स्पेशल स्क्रीनिंग होस्ट की गई जहां फिल्म देखने आए गेस्ट्स से इसकी खूब तारीफ की और बेहद पॉजिटिव और प्रॉमिसिंग रिएक्शन के साथ इसका स्वागत किया। इस सीजीज को एमी पुरस्कार विजेता फिल्ममेकर रिची मेहता ने लिखा, क्रिएट किया और डायरेक्ट किया है। क्यूसी एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित पोचर में निमिषा सजयन, रोशन मैथ्यू और दिब्येंदु भट्टाचार्य सहित कई टैलेंटेड एक्टर्स शामिल हैं। इसकी कहानी भारतीय वन सेवा अधिकारियों, एनजीओ कार्यकर्ताओं, पुलिस कांस्टेबलों और अच्छे लोगों के एक ग्रुप पर आधारित है जिन्होंने इस इन्वेस्टिगेटिव को ट्रैक करने की कोशिश में अपनी जान जोखिम में डाल दी।

सीरीज के प्रचार के लिए रिची मेहता, प्राइम वीडियो इंडिया में कंटेंट लाइसेंसिंग के निर्देशक, मनीष मेंघानी, एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर, आलिया भट्ट और क्यूसी एंटरटेनमेंट के प्रिंसिपल रेमंड मैन्सफील्ड और सीन मैककिट्रिक लंदन गए। इस दौरान फीडा पिंटो, गुरिंदर चड्ढा, मीरा सयाल, अनु मेनन, सोनी राजदान, शाहीन भट्ट सहित मशहूर फिल्म मेकर्स, वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन और मीडिया के सदस्यों ने स्पेशल प्रिव्यू में हिस्सा लिया। इसके बाद पोचर टीम संग लियोनेल हचेमिन, प्रोग्राम मैनेजर वाइल्ड लाइफ क्राइम, आईएफएडब्ल्यू यूके के साथ बातचीज की गई। ये बातचीत इस सीरीज के निर्माण, रिची द्वारा किए गए रिसर्च और घटित वास्तविक घटनाओं की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए तथ्य और कल्पना को बैलेंस करने पर केंद्रित थी।



# नथिंग ने बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह को बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर



लंदन के कंज्यूमर टेक ब्रांड, नथिंग ने बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। रणवीर सिंह नथिंग स्मार्टफोन का चेहरा होंगे और ब्रांड के आने वाले कैम्पेन में नजर आएंगे। रणवीर सिंह नथिंग फोन के डिजिटल, प्रिंट और टीवीसी कैम्पेन में दिखाई देंगे इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए रणवीर सिंह ने कहा, मैं नथिंग के साथ जुड़कर बेहद रोमांचित हूं। पहली बार जब से मैंने ब्रांड की खूबसूरत और आकर्षिक डिज़ाइन देखी है, तभी से मुझे अहसास हो गया था कि यह साझेदारी तो होनी ही है। स्मार्टफोन इंडस्ट्री की दूसरी कंपनियों से अलग हटकर कुछ नया करने की नथिंग की प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। मैं नथिंग के साथ सहयोग करने और साथ मिलकर कुछ मजेदार काम करने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता।'

नथिंग के को-फाउंडर, अकीस इवेंजेलिडिस ने कहा, जब से हमने नथिंग की शुरुआत की है, तब से हमें भारत में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। भारतीय बाजार में हमारी महत्वाकांक्षाएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। हमने यहां निर्माण इकाई स्थापित की है, इसी के साथ ही हम देश भर में कई सर्विस सेंटर खोल रहे हैं। यह साझेदारी हमारे ब्रांड को विस्तार देने की दिशा में एक अगला कदम है। मैं हमारे बीच रणवीर का आधिकारिक तौर पर स्वागत करते हुए बेहद रोमांचित हूं! हम काफी समय से संपर्क में हैं। रणवीर की बात करें तो वे एक जबर्दस्त क्रिएटिव इंसान हैं। उनका व्यक्तित्व काफी कुछ हमारे ब्रांड जैसा है। हम एक दूसरे के साथ काम करने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# रागिनी खन्ना को नहीं मिला गोविंदा की भांजी होने का फायदा

फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर कलाकार गोविंदा की भांजी रा?गिनी खन्ना ने कहा है कि उन्हें कभी गोविंदा की भांजी होने का फायदा नहीं मिला है। हालांकि कई ऐसी एक्टर्स और एक्ट्रेसेज हैं, जिनका संबंध बड़े-बड़े स्टार्स हैं। इनमें से ज्यादातार लोग को इन संबंधों और रिश्तों का लाभ नहीं मिल पाता है। 90 के दशक के सुपरस्टार गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक, आरती सिंह और सौम्या सेठ के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन बहुत कम ही लोग जानते हैं कि उनकी एक भांजी भी हैं, जो टीवी की एक बड़ी एक्ट्रेस हैं। गोविंदा की इस भांजी का नाम रागिनी खन्ना है। रागिनी ने राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी और ससुराल गेंदा फूल जैसे कई टीवी शोज में काम किया है। रागिनी खन्ना का गोविंदा जैसे स्टार के साथ संबंध होने पर और उनके करियर पर इसके असर के बारे में बात की। बता दें कि रागिनी 39 साल की एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कहा कि इसका उन्हें एडवांटेज नहीं मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसा नहीं है। वह बहुत बहुत बड़े स्टार हैं। पहली बात तो यह कि मैं उनकी बेटी नहीं हूं। रागिनी खन्ना ने कहा मैं नामू (टीना आहूजा) से प्यार करती हूं, मैं यश (यशवर्धन आहूजा) से प्यार करती हूं, मैं उनसे बहुत प्यार करती हूं। उन्होंने कहा कि गोविंदा और उनकी फैमिली संग मजबूत रिलेशन हैं।

हालांकि, रागिनी खन्ना ने इस बात पर जोर दिया कि टीवी इंडस्ट्री में सफलता पर्सनल एबिलिटी यानी योग्यता पर आधारित है, न कि केवल फैमिली रिलेशनशंस पर।

रागिनी खन्ना ने खुलासा किया कि कोविड-19 महामारी की वजह से वह 4 साल तक गोविंदा से नहीं मिल पाई थीं। लेकिन उनके साथ अच्छे संबंध बनाए रखे। उन्होंने कहा कि गोविंदा और उनकी फैमिली से गहरा रिश्ता है।

रागिनी खन्ना ने कहा कि वह अक्सर उनकी फैमिली में होने वाले फंक्शंस और फेस्टिवल में हिस्सा लेने उनके घर जाती हैं। टीवी और फिल्म इंडस्ट्री में कलाकारों को किस तरह देखा जाता है, रागिनी खन्ना ने इस कॉन्सेप्ट पर बेहद दुख जताया कि टीवी को अक्सर फिल्मों से कमतर माना जाता है।





# केजीएफ पर आधारित फिल्म थंगालान में छुपी है सोने की चिड़िया

केजीएफ दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों के लिए प्रसिद्ध हैं। अंग्रेजों ने इसका पूरा फायदा उठाया और 900 टन से अधिक सोना इंग्लैंड ले गए। इसी पर आधारित फिल्म थंगालान इस इतिहास को उजागर करेगी। आज के जमाने में कोलार गोल्ड फील्ड्स उर्फ केजीएफ के इतिहास से लोग अंजान है। ऐसे में ये मोस्ट अवेटेड फिल्म थंगालान सबसे बड़ी सोने की खान केजीएफ की असली और पर्दे की पीछे की कहानी की खोज करेगी। यह फिल्म कोलार गोल्ड फील्ड के लोगों की रियल लाइफ स्टोरी पर आधारित है और इस पर भी कि कैसे केजीएफ के निवासियों ने खदानों को अंग्रेजों के आतंक से बचाया था। एक हजार साल पहले इस इलाके की खोज अंग्रेजों ने की थी, और फिर अपने फायदे के लिए उन्होंने इसे लूट लिया था। हाल ही में चियान विक्रम स्टारर इस फिल्म का फर्स्ट लुक और टीज़र सामने आया है, जिसे लेकर हिंदी दर्शकों के बीच काफी हलचल है। बता दें कि हाल ही में पोंगल के खास मौके पर मेकर्स ने बहुप्रतीक्षित फिल्म के रिलीज मंथ अप्रैल 2024 की घोषणा की थी। मशहूर फिल्ममेकर पा रंजीत केएस के निर्देशन में बनी फिल्म थंगालान कथित तौर पर 19वीं शताब्दी की शुरुआत की पृष्ठभूमि पर आधारित है और सच्ची घटनाओं पर आधारित है जो कर्नाटक के कोलार गोल्ड फील्ड में खदान श्रमिकों के जीवन के आसपास घूमती है। फिल्म का टीज़र हमें निर्माताओं द्वारा बनाई गई बेहद अलग दुनिया में ले जाता है। यह फिल्म ब्लॉकबस्टर पोन्नियिन सेलवन 1 और 2 के बाद चियान विक्रम की पैन इंडिया शैली में वापसी का प्रतीक है, और मुख्य अभिनेता के किरदार में उनका समर्पण, प्रतिबद्धता और बदलाव निश्चित रूप से दिखाई देता है। टीज़र में शोषणकाल के दौरान कुछ खून चूसने वाले पल और अभिनेताओं के देसी लुक को दिखाया गया है

# जल्द आएगी रणवीर सिंह की डॉन 3, रितेश फरहान की दिखेगी जादूगरी

रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर की एक्सल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली फिल्म दर्शकों को रोमांचित करने वाली है। एक्शन फिल्म लवर्स के लिए यह एक अल्टीमेट पसंद है। इसने लाखो दर्शकों को अपना दीवाना बनाया है और फैंस के दिलों में अपनी एक लगा जगह बनाई है। ऐसे में अब उत्साह को और ऊपर लेकर जाते हुए, फैंस फिल्म की अगली कड़ी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में मेकर्स ने भी फैंस के बीच जोश को देखते हुए डॉन 3 को लेकर एक मोमेंट्स डेवलपमेंट से पर्दा उठाने की तैयारी कर रहे हैं। जी हां, आप सही पढ़ रहे हैं, मतलब अब दर्शक थ्रिल होने वाले हैं। फिल्म को लेकर मेकर्स ने एनर्जेटिक सुपरस्टार रणवीर सिंह को नए डॉन के रूप में अनाउंस किया है, जो अपनी अनमैचेड एनर्जी और करिज्मा के साथ रोल में जादू बिखेरने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा डॉन 3 फरहान अख्तर को 12 साल बाद डायरेक्टर की कुर्सी पर वापस लेकर आयेगा। ऐसे में फरहान जैसे विजनरी और स्किल्ड डायरेक्टर की जादूगरी स्क्रीन पर देखने के लिए दर्शक इंतजार कर रहे हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर अपने काम में माहिर हैं और उनकी हर एक फिल्म अपने आप में उसका सबसे बड़ा सबूत है। डॉन फ्रेंचाइजी भी इसी का एक शानदार उद्धरण है। डॉन 3 ने फैंस को उत्साहित किया है और इस थ्रिल से भरी सवारी का सफर करने के लिए तैयार हैं। इसमें एक्शन, कहानी का बेजोड़ देखने को मिलने वाला है। डॉन 3 दर्शक भी खासा इंतजार करने वाले हैं।



# बेटे आर्यन के फैशन ब्रांड का विज्ञापन शेयर किया शाहरुख ने

अपने बेटे आर्यन खान के फैशन ब्रांड डी यवोल एक?स के लिए सुपर स्टार शाहरुख खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नया विज्ञापन शेयर किया है। बॉलीवुड के किंग खान इन दिनों अपने बेटे आर्यन खान के फैशन ब्रांड डी यवोल एक?स का प्रमोशन करते दिखाई दे रहे हैं। स?टार ने विज्ञापन में शर्टलेस होकर अपनी बॉडी दिखाई। इसमें हम 2023 की एक्शन थ्रिलर पठान से उनका लुक देख सकते हैं। वीडियो में किंग खान को लंबे बालों और दाढ़ी वाले लुक में देखा जा सकता है। उन्होंने काला चश्मा पहन रखा है और उनके हाथ में एक गिलास है। इसमें वह अपने बाइसेप्स और एब्स दिखा रहे हैं। यह वीडियो मुंबई एयरपोर्ट पर दिखाया गया। स?टार ने लिखा कि अब मुंबई हवाई अड्डे पर इसे देखने के लिए उत्साहित हूं। नई लाइफस?टाइल वाली चीजें जल्द ही आ रही हैं। मुझे नए कार्गो पसंद हैं।

वीडियो ने इंटरनेट पर हलचल मचा दी है और प्रशंसक स्वदेश अभिनेता पर प्यार बरसा रहे हैं। एक प्रशंसक ने कहा कि शाहरुख खान की जगह कोई नहीं ले सकता, जबकि दूसरे ने लिखा, पठान लुक। 2023 में, आर्यन ने अपना लक्जरी क्लोदिंग फैशन ब्रांड डी यवोल एक?स लॉन्च किया था। उन्होंने ब्रांड के लिए एक विज्ञापन वीडियो भी बनाया, इसमें वह और शाहरुख शामिल थे। आर्यन वर्तमान में सीरीज स्टारडम की शूटिंग कर रहे हैं, इसके लिए वह शो रनर, लेखक और निर्देशक हैं।

# ग्रेनो वेस्ट और जेवर एयरपोर्ट को रैपिड रेल से जोड़ने के लिए तीन रूट

## सीईओ ने वर्तमान के साथ ही भविष्य की ट्रैफिक जरूरतों को देखते हुए रूट तय करने के दिए निर्देश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट को आरआरटीएस से जोड़ने के लिए रूट तय करने पर बृहस्पतिवार को अहम बैठक हुई। एनसीआरटीसी की टीम ने ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष आरआरटीएस के लिए 3 वैकल्पिक रूटों पर प्रस्तुतिकरण दिया। सीईओ ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम बनाकर इन तीनों ही वैकल्पिक रूटों का सर्वे करने के बाद फाइनल करने के निर्देश दिए।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट को जोड़ते हुए नोएडा एयरपोर्ट जेवर तक आरआरटीएस चलाने की योजना है। इसे दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस से जोड़ा जाएगा। यह रूट गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चार मूर्ति चैक (गौड़ चैक) होते हुए एयरपोर्ट तक बनेगा। चार मूर्ति चैक से आरआरटीएस के तीन वैकल्पिक रूटों का सुझाव दिया गए हैं। पहला रूट, चार मूर्ति चैक से 130 मीटर चौड़ी रोड पर प्राधिकरण दफ्तर और परी चैक होते हुए नोएडा एयरपोर्ट तक प्रस्तावित किया गया है। दूसरा रूट, 60 मीटर रोड से होकर और तीसरा रूट चार मूर्ति चैक से नॉलेज पार्क-5, सूरजपुर और कासना होते हुए नोएडा एयरपोर्ट



ले जाने का सुझाव है। एनसीआरटीसी की टीम ने बृहस्पतिवार को ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के समक्ष इन 3 वैकल्पिक रूटों पर प्रस्तुतिकरण दिये। इनमें से किसी एक रूट को फाइनल किया जाना है। सीईओ ने इनमें से किसी एक रूट को फाइनल करने से पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और एनसीआरटीसी की संयुक्त टीम बनाकर तीनों वैकल्पिक रूटों का सर्वे करने के निर्देश दिए। इस टीम में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ, नियोजन और परियोजना विभाग तथा एनसीआरटीसी के अधिकारी शामिल होंगे। सीईओ ने एक सप्ताह के भीतर रूट का मौके पर सर्वे कर सुझाव देने को कहा है। इस बीच प्राधिकरण की तरफ से रूट पर यूटीलिटी रिपोर्ट दी जाएगी और एनसीआरटीसी की तरफ से रूट का विस्तृत रिपोर्ट बनाकर प्राधिकरण को दिया जाएगा। सीईओ ने इस काम को प्राथमिकता पर लेते हुए रूट को शीघ्र फाइनल करने के निर्देश दिए हैं। एनजी रवि कुमार ने यह भी कहा कि जो भी रूट फाइनल करें, वह वर्तमान के साथ ही भविष्य में ट्रैफिक की जरूरतों के हिसाब से होना चाहिए, ताकि ग्रेटर नोएडावासियों को कहीं पर भी कंजेशन की परेशानी न झेलनी पड़े।

इस बैठक में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी, एसीईओ सुनील कुमार सिंह, जीएम वित्त विनोद कुमार, जीएम प्लानिंग लीनू सहगल, जीएम प्रोजेक्ट हिमांशु वर्मा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक सुधीर कुमार व एनसीआरटीसी के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने हैबतपुर में लगाया शिविर

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण जमीन देने वाले किसानों की




छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए बृहस्पतिवार को हैबतपुर गांव में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से अधिक किसानों ने शिविर में आकर अपनी पात्रता निर्धारित करने से जुड़े दस्तावेज सौंपे। प्राधिकरण इनकी पात्रता तय करते हुए भूखंड आवंटित करेगा। प्राधिकरण जल्द ही अन्य गांवों में भी शिविर लगाने के लिए शेड्यूल जारी करेगा। इसके साथ ही इस शिविर में एसआईटी जांच के बाद प्राप्त सही प्रकरणों में लीज बैक करने के लिए किसानों ने आवेदन किए।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण विकास परियोजनाओं के लिए किसानों की जमीन अधिग्रहित करता है और उसके एवज में प्राधिकरण की तरफ से कुल अधिग्रहित जमीन का 06 फीसदी हिस्सा विकसित करके किसानों को देता है। इसकी पात्रता तय करने के लिए किसानों को प्राधिकरण आना पड़ता है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने किसानों को सुविधा प्रदान करते हुए छह फीसदी भूखंड प्राप्त करने की पात्रता तय करने के लिए गांवों में ही शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं।

इसी क्रम में प्राधिकरण ने हैबतपुर गांव में शिविर लगाया। प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा की अगुवाई में भूलेख विभाग और परियोजना विभाग के वर्क सर्किल की टीम सुबह करीब 11 बजे से हैबतपुर गांव पहुंच गई। टीम ने शिविर में आने वाले 50 से अधिक किसानों के छह फीसदी भूखंड के कागजात प्राप्त किए। शिविर में ही लीज बैक के सही प्रकरणों के आवेदन भी प्राप्त किए गए। किसानों ने गांवों में ही शिविर लगवाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सीईओ के पहल की सराहना की है। इस शिविर में गांव से जुड़ी अन्य शिकायतों को भी सुना गया। उनको निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया है।

# मुख्यमंत्री के शहर में ईडी की रेड

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पैतृक शहर गोरखपुर में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी रेड की है। गोरखपुर में पड़ी ईडी की रेड से पूरे उत्तर प्रदेश में लखनऊ से लेकर गोरखपुर तक हडकंप मच गया है। उत्तर प्रदेश में शुक्रवार की सुबह से ही रेड की कार्यवाही चल रही है। उत्तर प्रदेश के श्वष्ठ की इस रेड ने पूरे राजनीतिक जगत में चर्चा का नया विषय छेड़ दिया है।

आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में खासतौर से पूर्वी उत्तर प्रदेश में हरीशंकर तिवारी बड़े चर्चित नेता रहे है। उत्तर प्रदेश के चर्चित नेता हरीशंकर तिवारी का निधन हो चुका है। शुक्रवार की सुबह उत्तर प्रदेश के गोरखपुर शहर में स्थित स्व. हरीशंकर तिवारी के धर्मशाला बाजार गोरखपुर में स्थित आवास पर श्वष्ठ ने छापा मारा है। आपको बता दें कि शुक्रवार की तड़के सुबह 5~00 से हरिशंकर तिवारी के घर में श्वष्ठ की कार्रवाई चल रही है। जानकारी के मुताबिक, गंगोत्री इंटरप्राइजेज के नाम पर बैंक के करोड़ों रुपए के लोन के डिफाल्ट का मामला सामने आ रहा है। तिवारी हाता छावनी में तब्दील हो गया है। इससे पहले भी रेड पड़ चुकी है। 7 से 8 गाड़ियों में आए ईडी के अधिकारी आए हैं। कार्रवाई के दौरान पूरा हाता केंद्रीय सुरक्षा बलों के घेरे में है। किसी को भी आसपास या अंदर आने जाने की मनाही है।

## नोएडा क्राइम फाइल

### कीमती सामान से भरा बैग लेकर भागा ऑटो चालक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अगर आप ऑटो या टैक्सी से सफर कर रहे हैं तो यह खबर आपके लिए बहुत काम की है। ऑटो अथवा टैक्सी में बैठने से पहले उसका नंबर जरूर नोट कर लें नहीं तो आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। ऐसा ही एक मामला नोएडा के सेक्टर 39 क्षेत्र प्रकाश में आया है यहां ऑटो चालक एक महिला का बैग लेकर फरार हो गया। बैग में नगदी जेवरात व अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। सेक्टर-45 काशीराम कॉलोनी निवासी नीलम ने थाना सेक्टर-39 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने 19 जनवरी की शाम को अपनी ससुराल बरोला से काशीराम कॉलोनी आने के लिए एक ऑटो लिया था। कुछ देर बाद ऑटो से काशीराम कॉलोनी पहुंच गई। इस दौरान वह ऑटो से अपना समान उतार रही थी। सामान उठते समय उसकी अटैची का हैंडल टूट गया और सामान बिखर गया। वह सड़क पर बिखरे सामान को समेट रही थी कि इस दौरान चालक ऑटो को लेकर फरार हो गया। ऑटो में उसका एक बैग रखा हुआ था उसने शोर मचाकर ऑटो का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह हाथ नहीं आया। नीलम के मुताबिक बैग में 6000 रूपये, सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, अंगूठी, पीतल की चूड़ियां व अन्य सामान रखा हुआ था। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है सेक्टर में लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से ऑटो का नंबर तलाशने का प्रयास किया जा रहा है।

### महिला पार्क में बैठकर बना रहे थे लूट का प्लॉन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-1 पुलिस ने पार्क में बैठकर लूट व चोरी की योजना बना रहे तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चाकू में चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि सेक्टर 5 हरौला के महिला पार्क में कुछ बदमाश लूट व चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर छापा मारकर तीन लोगों को दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से एक-एक चाकू,हथौड़ी, लकड़ी काटने की संडासी व चाभियां आदि बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम दानिश पुत्र मंजूर अली, शहजाद पुत्र मोहम्मद मुन्ना व फहीम अंसारी उर्फ बाबू पुत्र आजाद बताते हुए स्वीकार किया कि वह चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। उन्होंने बताया कि वारदात के दौरान अगर कोई व्यक्ति उन्हें रोकने का प्रयास करता है तो वह उसे पर चाकू से हमला कर देते हैं।

### कंपनी में एंट्री करने से रोका तो पीट डाला

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बिसरख क्षेत्र के राइस प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के कर्मी के साथ कार सवार युवकों ने मारपीट की। कर्मी का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने कार सवारों से गेट पर एंट्री करने के लिए कहा था। गोविंदपुरम गाजियाबाद निवासी योगेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह राइस प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में चेकर के पद पर कार्यरत है। वह गेट नंबर-4 पर बैठा हुआ था। इस दौरान एक कार आई कार सवार लोगों ने उसे गेट खोलने को कहा। इस पर उसने एंट्री करने के लिए कहा। कार स्वरों ने एंट्री करने से इनकार करते हुए उसके साथ गाली गलौज व अवध व्यवहार करना शुरू कर दिया। उसने जब इस बात का विरोध किया तो कार से पांच व्यक्ति नीचे उतरे और उन्होंने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। उसके शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे इसके बाद कार सवार उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश कर रही है।

### ओला बाइक राइडर लेकर भागा फोन, खाते को किया खाली

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ओला बाइक राइडर सवारी को झांसे में लेकर उसका मोबाइल फोन लेकर रफू चक्कर हो गया बाइक राइडर ने सवारी के मोबाइल फोन के जरिए उसके खाते से 33959 रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने थाना फेस वन में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नया बांस में रहने वाले राकेश रंजन ने बताया कि वह कंपनियों में कन्वेयर बेल्ट की रिपेयरिंग करने का काम करता है 9 नवंबर को फरीदाबाद की एक पार्टी ने उसे अपनी कंपनी में लगी मशीन की कन्वेयर बेल्ट सही करने के लिए बुलाया था। पार्टी ने आने-जाने के लिए उसे ओला बाइक राइडर की सुविधा दी थी। कुछ समय बाद उसके पास विक्की नामक युवक बाइक लेकर पहुंचा। विक्की ने उससे कहा कि वह बुकिंग कैंसिल कर दे तो वह उसे सस्ते में फरीदाबाद ले जाएगा। विक्की की बातों में आकर उसने बुकिंग कैंसिल कर दी और उसके साथ फरीदाबाद चला गया। काम खत्म होने के बाद जब वह वापस नोएडा लौटा तो पेमेंट करने के लिए मोबाइल से पैसे ट्रांसफर किया।

# सरस मेला : गोवा, कर्नाटक, केरल और लद्दाख के उत्पाद बने खास पसंद

## शिव मिश्रा ग्रुप ने योगा डांस के माध्यम से बांधा समां

**नोएड ( चेतना मंच ) ।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस आजीविका मेले में सातवें दिन खासी चहल-पहल रही। लोगों ने यहां जमकर खरीदारी की।

सेक्टर-33 ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित मेले में गोवा के फूड प्रोडक्ट्स, हैंडीक्राफ्ट उत्पादों की लोगों ने जमकर खरीददारी की। वहीं कर्नाटक के हैंडीक्राफ्ट उत्पाद भी महिलाओं की पसंद बने। इसके साथ ही केरल के मसालों की अच्छी बिक्री हुई। जबकि पंजाब की हल्दी तथा हैंडीक्राफ्ट उत्पाद में कुछ आइटम लोगों को खासे पसंद आए। हिमाचल उत्तराखंड के ऊनी उत्पाद व हैंडलूम के विभिन्न उत्पाद, झारखंड के पलाश उत्पाद व प्राकृतिक खाद्य सहित मेले में पूरे भारत की ग्रामीण संस्कृति के विविधता भरे उत्पाद यहां आने वाले खरीददारों कसे बेहद पसंद आ रहे हैं।

ज्वैलरी और होम डेकोर के प्रोडक्ट्स के रूप में आंध्र प्रदेश की पर्ल ज्वैलरी, वूडन उत्पाद, आसाम का वाटर हायजिनिथ हैंड बैग और योगामैट, मधुबनी पेंटिंग और सिक्की क्राफ्ट्स, छत्तीसगढ़ से बेलमेटल प्रोडक्ट्स, मडमिरर वर्क और डोरी वर्क गुजरात से, हरियाणा, का टेरा कोटा, झारखंड की ट्राइबल ज्वैलरी, कर्नाटक का चन्नानपटना खिलौना, सबाईग्रास प्रोडक्टस, पटचित्र आनपाल्मलीव ओडिशा, तेलंगाना से लेदर बैग, वाल हैंगिंग और लैंप सेड्स, उत्तर प्रदेश से होम डेकोर, और पश्चिम बंगाल से डोकरा क्राप्ट, सितल पट्टी और डायवर्सीफाइड प्रोडक्ट्स ये सभी रहेंगे। सरस मेले के सातवें दिन नोएडा के कलाकारों ने मशहूर योगा डांस की प्रस्तुति से वाहवाही लूटी। नोएडा के शिव मिश्रा ग्रुप ने योगा डांस के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।







# बलात्कार के झूठे मामले में फंसाने वाले गैंग पर गैंगस्टर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** महिला मित्र बनाने के नाम पर बलात्कार के झूठे मुकदमें दर्ज कर ब्लैकमेल करने वाले गिरोह की महिला गैंग लीडर सहित तीन के खिलाफ थाना सूरजपुर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। गैंगस्टर में निरुद्ध किए गए आरोपियों को पुलिस ने पूर्व में एक व्यक्ति की शिकायत पर गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि गैंग लीडर कविता पत्नी मन्नू चौधरी निवासी ग्राम खानपुर थाना जानी जनपद मेरठ, फारुख पुत्र नजीर खान रामगढ़ निवासी चांद मस्जिद कस्बा सूरजपुर, डमरू उर्फ विष्णु श्रीवास्तव पुत्र सुनील श्रीवास्तव निवासी सूरजपुर को गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह की सरगना कविता है। कविता मोबाइल फोन पर लोगों से संपर्क कर उनकी महिला मित्र बनाने के नाम पर उनकी नाबालिक किशोरियों से मुलाकात करती थी।

कविता के चंगुल में फंसा व्यक्ति जैसे ही उनके बताए गए स्थान पर पहुंचता था तो यह नाबालिग लड़कियों को आगे कर उसे बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर पैसे की मांग करते थे। पूर्व में एक व्यक्ति ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार का जेल भेजा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि तीनों के खिलाफ 2/3 उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई की गई है।

# शराब के ठेके पर सेल्समैन को पीटा, ताना तमंचा

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** शराब के नशे में धुत ठेके पर पहुंचे दो युवकों ने ठेका कर्मचारियों के साथ गाली गलौज व मारपीट की। विरोध करने पर युवकों ने शराब के ठेके के कर्मचारियों के ऊपर जान से मारने की नीयत से तमंचा तान दिया। भीड़ इकट्ठा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। ठेके के कर्मचारियों ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना जेवर में मुकदमा दर्ज कराया है।

कस्बा जेवर चौराहे के पास स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान के सेल्समैन सत्येंद्र कुमार ने बताया कि बीती रात्रि वह शराब ठेके के काउंटर पर बैठा हुआ था। इस दौरान सुधीर भाटी पुत्र जीतराम भाटी निवासी ग्राम बरौला, पंकज कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम शहजादपुर कनेरी खुर्जा बुलंदशहर ठेके पर शराब लेने के लिए आए। शराब लेने के दौरान उन्होंने उसे तथा अन्य कर्मचारियों को गाली देने शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने तमंचा निकालकर उन पर तान दिया। इस दौरान हंगामा होता देखकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों की भीड़ को देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।